रोहतक
सोमवार 27 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 82
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 44.2
न्यून. 30.7

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 उबर कप : उन्नति की रोमांचक जीत तन्वी ने की बढ़त दोगुनी

## खबर संक्षेप

### गिरफ्तारी से बचने को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे खेड़ा



**नई दिल्ली।** गुवाहाटी हाई कोर्ट द्वारा एंटीसिपेटरी बेल की याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वह असम के सीएम हिमंता की पत्नी द्वारा एफआईआर मामले में एंटीसिपेटरी बेल के लिए शीर्ष अदालत पहुंचे हैं। हाईकोर्ट ने अर्जी रद्द कर दी है। *एजेंसी*

### नीट यूजी एडमिट कार्ड आज किया जाएगा जारी




**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 के एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे कैंडिडेट्स के लिए एक बड़ा अपडेट है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज जारी होने वाले एडमिट कार्ड को स्थगित कर दिया है। एनटीए ने बताया अब नीट यूजी एडमिट कार्ड 27 अप्रैल को जारी किया जाएगा। *एजेंसी*

### प्रख्यात छायाकार रघु राय का निधन



**नई दिल्ली।** भारत के विविध रूपों को अपने कैमरे में कैद करने वाले देश के प्रख्यात छायाकारों में से एक रघु राय का एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। रघु राय के बेटे एवं छायाकार नितिन राय ने कहा कि पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया। भाषा

### नृत्य कार्यक्रम में छात्रा के गले पड़ा मानव रोबोट

**बीजिंग।** चीन में एक विश्वविद्यालय के नृत्य कार्यक्रम में प्रदर्शन कर रहे एक मानवाकार रोबोट ने अचानक एक छात्रा के करीब जाकर उसे गले लगा लिया, जिससे दर्शक चौंक गए। इसके बाद कर्मचारियों ने तुरंत उसे उससे दूर खींच लिया। चीन के शानक्सी प्रांत में स्थित विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है।

### पंजाब पुलिस ने हरभजन सिंह की सुरक्षा वापस ली



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह की सुरक्षा वापस ले ली है। हरभजन सिंह उन सात सांसदों में शामिल हैं, जिन्होंने राघव चड्ढा के साथ आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। यह जानकारी सूत्रों ने दी। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा शनिवार को हटा ली गई।

### ठगों को 10 लाख में दिया खाता, दो भाई पकड़े

**ग्वालियर।** क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का झांसा देकर फैक्ट्री संचालक से एक करोड़ 41 लाख रुपए ठगी मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने साइबर ठगों को कमीशन पर अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया था। दोनों के जॉइंट खाते में ठगी की रकम का हिस्सा 10 लाख 50 हजार रुपए पहुंचा था। जबकि 1 करोड़ 68 लाख का आरोपियों के खाते में ट्रांजेक्शन मिला है। *एजेंसी*

# रोहतक पीजीआई से पहली बार ऑर्गन एयरलिफ्ट किडनी पंचकूला और लीवर को दिल्ली भेजा गया

## आर्मी जवान की पत्नी समेत 6 को मिलेगा जीवनदान, एक माह में तीसरी बार अंगदान

### हादसे के बाद किशोर का ब्रेन डेड हो गया, परिजनों ने किया अंगदान

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** पीजीआईएमएस रोहतक ने तीसरी बार अंगदान का रिकॉर्ड बनाया। इस बार 16 साल के किशोर हर्ष ने अपने निधन के बाद भी छह लोगों को नया जीवन दिया है। किशोर सड़क हादसे में ब्रेन डेड हो गया था। यह पहली बार है जब रोहतक पीजीआई से किसी ऑर्गन को एयरलिफ्ट किया गया। किशोर का लिवर इंस्टीट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस), नई दिल्ली भेजा गया, जहां इससे दो मरीजों को जीवनदान मिलेगा। वहीं, एक किडनी पीजीआईएमएस रोहतक में ही एक जरूरतमंद को प्रत्यारोपित की गई, जबकि दूसरी किडनी कमांड हॉस्पिटल चंडी मंदिर भेजी गई, जिससे आर्मी जवान की पत्नी को नई जिंदगी मिलेगी। दोनों कॉर्निया भी रोहतक में ही प्रत्यारोपित किए जाएंगे, जिससे दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिलने की उम्मीद जगी है।

### बना ग्रीन कॉरिडोर

ऑर्गन भेजने के लिए रोहतक में ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। किडनी लेकर दोपहर 2 बजकर 36 मिनट पर ट्रॉमा सेंटर से गाड़ी रवाना हुई, जो महज 5 मिनट में बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के हेलीपैड पर पहुंच गई। इसके बाद हेलीकॉप्टर किडनी लेकर उड़ान भर गया और करीब सवा घंटे में पंचकूला के आर्मी अस्पताल पहुंचा।



### समालखा के पास हुआ ब्रेन डेड

किशोर हर्ष और उसके पिता राजेंद्र 15 अप्रैल को पानीपत में समालखा के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हर्ष को गंभीर हालत में पीजीआईएमएस रोहतक में भर्ती कराया गया। 24 अप्रैल को, जब परिवार पिता की तेहरवीं कर रहा था, उसी दिन डॉक्टरों ने हर्ष को ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

**परिजनों को अंगदान के लिए मनाया :** पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल और निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने परिजनों से मुलाकात कर अंगदान के लिए प्रेरित किया। दुःख की घड़ी में भी परिवार ने हिम्मत दिखाते हुए अंगदान के लिए सहमति दी। कुलपति डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में हर सेकंड महत्वपूर्ण था और सभी विभागों के समन्वय से यह संभव हो सका।

**बड़ी उपलब्धि :** सोटो हरियाणा के नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह ने बताया कि एक महीने में यह तीसरा सफल अंगदान है, जो प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के लिए बड़ी उपलब्धि है। हर्ष ने छह लोगों के जीवन में नई रोशनी दी है।

## वाशिंगटन डीसी में वारदात से हड़कंप, हमलावर ने 7 राउंड गोलियां दागीं

# ट्रंप के डिनर में फायरिंग, मेहमानों ने टेबल के नीचे छिपकर बचाई जान

- सुरक्षाबलों ने राष्ट्रपति व उनके परिवार को सुरक्षित निकाला
- कैलिफोर्निया का टॉमस काबू आरोपी से पावरफुल गन मिली
- ट्रंप ने माना, वे ही थे निशाने पर, यह संविधान पर हमला
- हमलावर से शॉटगन, हैंडगन और कई चाकू बरामद
- बड़ा सवाल, इतनी कड़ी सुरक्षा के बीच हमलावर कैसे पहुंचा



सुरक्षाबलों ने ट्रंप को निकाला

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन डीसी

वॉशिंगटन डीसी के हिल्टन होटल में शनिवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यक्रम में एक बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई है। यहां व्हाइट हाउस संवाददाता डिनर का आयोजन चल रहा था, तभी एक हमलावर ने फायरिंग कर दी। मेहमानों ने टेबल के के नीचे छिपकर जान बचाई। अचानक हुई इस गोलीबारी से हड़कंप मच गया और जश्न का माहौल भय में बदल गया। हमलावर ने 7 राउंड फायरिंग की। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। सुरक्षाबलों ने हमलावर को पकड़ लिया गया है। हमलावर की पहचान 31 साल के कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया का रहने वाला है। हमले के बाद ट्रंप ने कहा कि यह संविधान पर हमला है। उन्होंने माना कि हमलावर के निशाने पर वे ही थे। हमले के दौरान वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि लोग बचने के लिए नीचे गिरने लगे। इस दौरान ट्रंप भी लड़खड़ा कर गिर गए थे। हमलावर करीब 50 मीटर की दूरी से दौड़ता हुआ आया।



मेहमानों ने छिप कर बचाई जान



आरोपी

### 2024 में भी गोली चली थी

13 जुलाई 2024 को ट्रम्प पर पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ था। बटलर शहर में कैंपेन रैली को संबोधित करते समय एक हमलावर ने 400 फीट की दूरी से असॉल्ट राइफल से गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली ट्रम्प के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से को छूती हुई निकल गई।

### लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं

यह राहत की बात है कि राष्ट्रपति ट्रम्प, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत सब सुरक्षित हैं। "लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और इसकी स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए।" - **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### 45 साल पहले रोनाल्ड पर भी हुआ था हमला

ट्रंप से पहले रोनाल्ड रीगन एक ऐसे हमले से बचे थे। इसे संयोग ही कहेंगे कि रीगन पर हमला हिल्टन होटल परिसर में ही हुआ था। यह वारदात 45 साल पहले 1981 में हुई थी। होटल के बाहर उन्हें गोली लगी थी, लेकिन वे बच गए। रीगन घायल हो गए थे, जब एक गोली लिमोजीन से टकराकर उनके बाईं तरफ से निकल गई।

### कार्यक्रम जारी रखें

वॉशिंगटन में आज की शाम काफी हलचल भरी रही। सीक्रेट सर्विस और लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसियों ने शानदार काम किया। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की। हमलावर को पकड़ लिया गया है और मैंने सुझाव दिया है कि कार्यक्रम जारी रखें। मुझे कोई भी ताकत ईरान युद्ध जीतने से नहीं रोक सकती।

*-डोनाल्ड ट्रंप*
*राष्ट्रपति अमेरिका*

# दोस्त की जगह परीक्षा देते रोहतक का युवक पकड़ा

*फरीदाबाद में एचसीएस का एग्जाम देने गया था, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन में खुली पोल, जिसका पेपर था वह भी गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन (एचपीएससी) की ओर से रविवार को एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन कराया गया। फरीदाबाद में बनाए गए एक सेंटर पर अपने साथी की जगह पेपर देने गए रोहतक के एक युवक को पकड़ लिया गया। बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन में ही उसकी खुली पोल गई। पुलिस ने परीक्षा देने वाले और जिसका पेपर देने के लिए आया था, उसे दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों रोहतक के रहने वाले हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। प्रदेश में 102 पदों के लिए हो रही इस परीक्षा के लिए 8 जिलों में 337 सेंटर बने हैं। सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम और जैमर लगाए थे।

- 102 पदों के लिए हो रही परीक्षा, 8 जिलों में 337 केंद्र बनाए गए

### ऐसे गिरफ्त में आया आरोपी


जिला प्रशासन के अनुसार रविवार सुबह के परीक्षा के पहले सत्र के लिए प्रवेश सुबह 8.30 बजे शुरू कर दिया था। केएल महता दयानन्द पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7सी में एक युवक को बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए रोका गया। जब उसका बायोमेट्रिक सत्यापन किया गया, तो उसके फिंगरप्रिंट मैच नहीं हुए। जब उसके फिंगरप्रिंट मैच नहीं हुए तो उसे अलग खड़ा करा दिया गया। जब युवक से दोबारा प्रयास कराया गया, लेकिन फिर भी सफलता नहीं मिली। इससे युवक पर शक हो गया।

### पूछताछ में यह खुलासा

सेंटर पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने बिना देरी किए युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में सामने आया है कि पकड़े गए युवक का नाम माधव है, जो रोहतक के करौंथा का रहने वाला है। वह रोहतक के ही एक गांव के रहने वाले विशाल की जगह पेपर देने आया था। दोनों आपस में दोस्त है। जांच में पाया गया कि विशाल भी परीक्षा केंद्र के आसपास ही मौजूद था। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एनआईटी के डायरेक्टर प्रो. रेड्डी का इस्तीफा

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) कुरुक्षेत्र में बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ। एक दिन पहले ही जॉइंट रजिस्ट्रार को सस्पेंड करने के बाद अब डायरेक्टर प्रो. बीवी रमना रेड्डी ने इस्तीफा दे दिया। उनके स्थान पर प्रो. ब्रह्मजीत सिंह को कार्यवाहक डायरेक्टर बनाया गया है। रेड्डी के इस्तीफे के बाद उनको एनआईटी कुरुक्षेत्र में यह जिम्मेदारी दी गई। बता दें कि शनिवार को ही जॉइंट रजिस्ट्रार ज्ञान रंजन सामंत्रे को सस्पेंड कर दिया गया था। यह कार्रवाई केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की टीम के दौरे के ठीक अगले दिन हुई थी। बताया जा रहा हे कि इस मामले में अभी कुछ और लोगों पर भी गाज गिर सकती है।



प्रो. ब्रह्मजीत सिंह कार्यवाहक डायरेक्टर बने

## ईरानी विदेश मंत्री अराघची फिर पाक पहुंचे, ट्रंप बोले- हमसे सीधे बात करे तेहरान

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची एक बार फिर रविवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंच गए हैं। यह उनका दो दिन में दूसरा दौरा है। उन्होंने पाक के कई नेताओं और सेना प्रमुख, फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ बातचीत की। अब उनके रूस के लिए रवाना होने की चर्चा है। दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यदि तेहरान वार्ता करना चाहता है तो हमसे सीधे बात करे। यह बात फोन पर भी हो सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि ईरान के साथ जो जंग चल रही है, वह जल्द खत्म होगी। ट्रंप बोले, ईरान वार्ता चाहता है तो सीधे फोन करे। हम बातचीत का कोई रास्ता बंद नहीं कर रहे।



एक दिन पहले पाक पीएम और आर्मी चीफ को शर्तें सौंपी थी

## ऑल वेदर तकनीक से लैस होगी जम्मू-कश्मीर वंदे भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेलवे ने जम्मू-कश्मीर के बर्फीले और ठंडे मौसम के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत ट्रेन लॉन्च की है, जो 30 अप्रैल से जम्मू से श्रीनगर तक चलेगी। यह 6 घंटे में सफर पूरा करेगी। विशेष वंदे भारत ट्रेन में सिग्नेचर सेमी-हाई-स्पीड रहेगी। इसमें पहली बार ऐसी विंटराइजेशन (शीतकालीन) तकनीक का उपयोग किया गया है जो इसे माइनस डिग्री तापमान में भी सुचारू रूप से चलाने में सक्षम बनाएगी। ट्रेन की गति 160 किमी प्रति घंटे की होगी। पूरी तरह से एयरकंडीशन 20 कोच वाली ट्रेन स्वचालित प्लग दरवाजे और एलईडी लाइटिंग से लैस होगी। ट्रेन में कई अत्याधुनिक हीटिंग सिस्टम लगाए गए हैं।



जम्मू कश्मीर के बर्फीले मौसम के लिए विशेष रूप से डिजाइन

## नोएडा : कंपनी निदेशक समेत चार लोगों ने की आत्महत्या

निदेशक 22वीं मंजिल से कूदा, तो तीन कर्मचारियों ने फांसी लगाई
- एक साथ ऐसे मामले देखकर मचा हड़कंप

**नोएडा (भाषा)।** नोएडा में अलग-अलग घटनाओं में एक ही कंपनी के निदेशक समेत 4 लोगों ने आत्महत्या कर ली। सेक्टर 107 की सोसाइटी में कंपनी निदेशक ने 22वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। सेक्टर 39 के थाना प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि 22वीं मंजिल पर अपने परिवार के साथ रह रहे सजल मेहरोत्रा (37) ने रविवार को नीचे छलांग लगा दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। उनकी पत्नी व परिचितों से पूछताछ कर पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उन्होंने आत्महत्या क्यों की। फेस -3 थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामूरा गांव में सुलभ गंगवार (23) ने बीती रात फांसी लगा ली। वहीं, सेक्टर 63 के थाना प्रभारी निरीक्षक अमित काकरान ने बताया कि मुनी देवी (38) ने भी अपने घर पर फांसी लगा ली। नॉलेज पार्क के थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि इस थानाक्षेत्र में इसी कंपनी की कर्मी रोशनी (28) ने भी फांसी लगा ली। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। एक ही कंपनी के 4 कर्मियों द्वारा लगभग एक ही समय में आत्महत्या से हड़कंप मचा हुआ है। जांच के बाद ही खुलासा होगा।

## टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल, आग लगी, 6 घायल

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली एयरपोर्ट में टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल हो गया। स्विस एयरलाइंस की एलएक्स 147 फ्लाइट शनिवार देर रात 1:08 बजे टेकऑफ करने वाली थी। तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। पायलट ने तुरंत विमान रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6 यात्री घायल हो गए। फ्लाइट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जाने वाली थी। विमान में चार शिशु समेत 232 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। विमान के मुख्य पहिये की बाईं ओर से धुआं उठता देखा गया।

### हड़कंप मचा

विमान में 4 नवजात समेत 232 लोग सवार थे, दिल्ली से फ्लाइट ज्यूरिख जा रही थी, दिल्ली एयरपोर्ट पर 10 दिन में हादसे की दूसरी बड़ी घटना

### यात्रियों को 'इमरजेंसी स्लाइड' से बाहर निकाला

सभी यात्रियों व चालक दल के सदस्यों को 'इमरजेंसी स्लाइड' के जरिए विमान से बाहर निकाला। छह यात्रियों को चिकित्सीय सहायता दी जा रही है। जो यात्री स्लाइड का इस्तेमाल करने में असमर्थ थे, उनके लिए सीढ़ियों की व्यवस्था की गई। एटीसी से पूर्ण आपातकाल और टायर फटने की सूचना मिली थी। 'एयरसाइड' टीम की जांच में पुष्टि हुई कि उड़ान भरने से रोके जाने के दौरान विमान के मुख्य पहिये से धुआं निकला था।

## भारत दुनिया में सर्वाधिक निगरानी वाला देश, सीसीटीवी नेटवर्क कमजोर



# ईरान में सड़कों पर लगे कैमरों की हैकिंग बनी चिंता का सबब

सेंट्रल डेस्क ▶▶ रोहतक

इजराइल की खुफिया एजेंसियों ने तेहरान की सड़कों पर लगे कैमरों को हैक करके उस डेटा का इस्तेमाल ईरान के शीर्ष नेतृत्व की हत्या के लिए किया। जब जानकारी मीडिया में आई तो इसे आश्चर्य और रोमांच के साथ देखा गया। ऐसा लगा कि किसी टेक्नोलॉजी जासूसी थ्रिलर या मिशन इम्पॉसिबल जैसी फिल्म की पटकथा पढ़ रहे हों। लेकिन असल में यह भारत के लिए असहज करने वाली और चिंता की जानकारी है। इसके तीन कारण हैं। पहला, भारतीय शहर चीन के साथ दुनिया के सबसे अधिक निगरानी वाले शहरों में आते हैं। दूसरा हमारे अनेक सीसीटीवी नेटवर्क लगभग एक दशक पहले लगाए गए थे और उनमें सुरक्षा सुविधाएं बहुत कम हैं। वे हैकर्स और विदेशी खुफिया एजेंसियों को रोकने में शायद ही सक्षम हों। एआई ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। जो काम पहले सीसीटीवी फुटेज के हफ्तों या महीनों के विश्लेषण से होता था, वह अब रियल टाइम में संभव है। रिपोर्टों के अनुसार इजराइली खुफिया एजेंसियों को तेहरान की पूरी जानकारी थी, तो यह मान लेना चाहिए कि चीनी, पाकिस्तानी या अमेरिकी एजेंसियां भी भारतीय शहरों को उतनी ही अच्छी तरह जानती होंगी।

### भारतीय शहर कितने असुरक्षित

यह समझने के लिए कि इस मामले में भारतीय शहर कितने असुरक्षित हैं, ऑनलाइन उपलब्ध कई सर्वेक्षणों को देखना काफी है। जून 2025 में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार, हैदराबाद 9 लाख कैमरों (प्रति 1,000 लोगों पर 79 कैमरे) के साथ दूसरे स्थान पर, इंदौर 2,51,500 कैमरों (72 प्रति 1,000) के साथ तीसरे स्थान पर और बेंगलुरु 5,85,284 कैमरों (40 प्रति 1,000) के साथ चौथे स्थान पर था। मार्च 2024 के एक अन्य सर्वेक्षण में दिल्ली 10वें और हैदराबाद 8वें स्थान पर था। लेकिन रैंकिंग और आंकड़ों से अलग, यह एक स्थापित तथ्य है कि देशभर की पुलिस बल अपराध सुलझाने के लिए सीसीटीवी नेटवर्क का व्यापक उपयोग करते हैं और तेजी से अधिक कैमरे लगाने की दिशा में काम कर रहे हैं। एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या चीन व पाक कि तो हम पर नजर नहीं है।

### पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर का हो देशव्यापी ऑडिट

तो आगे का रास्ता क्या है? पहला कदम है सीसीटीवी इंफ्रास्ट्रक्चर का एक व्यापक, देशव्यापी ऑडिट हो। जो पारदर्शी हो व सार्वजनिक किया जाए, चाहे निष्कर्ष कितने ही असहज क्यों न हों, क्योंकि यहां सार्वजनिक सुरक्षा का सवाल है। केवल एक पारदर्शी ऑडिट ही यह बता सकता है कि हमारे नेटवर्क को बदलने या अपग्रेड करने की जरूरत है या नहीं। इसके साथ ही, यह भी जरूरी है कि यह स्पष्ट नियम बनाए जाएं कि ऐसे उपकरण कहां से और कैसे खरीदे जाएं और उनके डेटा को कैसे सुरक्षित रखा जाए। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि 21वीं सदी के युद्ध केवल बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से नहीं लड़े जाते। वे सड़क के कोने पर लगे सीसीटीवी से भी लड़े जाते हैं।

# विधानसभा का विशेष सत्र आजः महिला आरक्षण पर टकराव के आसार

■ सरकार की कांग्रेस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी ■ सत्र से पहले विधायकों के साथ रणनीति बनाएंगे नेता विपक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र सोमवार सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। अवकाश के बावजूद शनिवार और रविवार को इसकी तैयारियां जारी रहीं और देर शाम तक अंतिम रूप दे दिया गया। सत्र में महिला आरक्षण के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी भिड़ंत के आसार हैं। एक ओर सरकार ने विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी की है, वहीं कांग्रेस ने भी जवाबी रणनीति बनाने के लिए सोमवार सुबह 9 बजे चंडीगढ़ में बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष निंदा प्रस्ताव से अनावश्यक रूप से घबराया हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष पहले ही महिला आरक्षण के मुद्दे पर सदन में साथ देता, तो देश की आधी आबादी को उनका अधिकार मिल जाता। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र का मुख्य उद्देश्य ग्रुप-डी कर्मचारियों की पदोन्नति और कुछ तकनीकी विषयों पर निर्णय लेना है, लेकिन विपक्ष बिना वजह आशंकित है। सत्र के दौरान उन पांच विधायकों पर भी सभी की नजरें रहेंगी, जिन पर क्रॉस वोटिंग और भाजपा के साथ जाने के आरोप में निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गुरुग्राम में हुई कैबिनेट बैठक में इस विशेष सत्र को बुलाने का निर्णय लिया गया था। सत्र का मुख्य एजेंडा ग्रुप-डी कर्मचारियों को प्रमोशन का लाभ देना और महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाना है।

## विपक्ष महिला सशक्तिकरण के खिलाफ : नायब सिंह

मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि सदन में उन विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा, जिन्होंने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम (131वां संविधान संशोधन) के दौरान बाधा उत्पन्न की थी। सरकार का आरोप है कि विपक्ष महिला सशक्तिकरण के खिलाफ है। वहीं सरकार इस सत्र में हरियाणा क्लेरिकल सर्विस बिल 2026 पेश करेगी। कॉमन कैडर के वे ग्रुप-डी कर्मचारी, जिन्होंने 5 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उन्हें पदोन्नति का अवसर मिलेगा। क्लर्क पदों पर ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए प्रमोशन कोटा 20% से बढ़ाकर 30% किया जाएगा। 5% पद एक्स-ग्रेशिया (अनुग्रह) आधार पर आरक्षित रखने का प्रावधान भी शामिल है।

## कांग्रेस हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयारः भूपेंद्र हुड्डा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है और सरकार को बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि जब महिला आरक्षण विधेयक 2023 में पारित हो चुका है, तो सरकार अब इसे मुद्दा क्यों बना रही है। वहीं कांग्रेस बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार कर रही है। सतलुज-यमुना लिंक नहर और किसानों की समस्याओं को लेकर भी हंगामे के आसार। हरियाणा विधानसभा का पिछला नियमित सत्र मार्च 2026 में बजट सत्र के रूप में आयोजित हुआ था। इस तरह सोमवार का दिन हरियाणा की राजनीति में काफी अहम और गर्मागर्म रहने की संभावना है।

## स्पीकर ने की तैयारियों की समीक्षा



चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा के 27 अप्रैल को प्रस्तावित विशेष सत्र को लेकर विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सत्र की सभी तैयारियों का विस्तृत आकलन किया गया और विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान विधान सभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए कहा कि विशेष सत्र की समस्त व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित की जाएं, ताकि कार्यवाही सुचारु एवं निर्बाध रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने विशेष रूप से तकनीकी संसाधनों की सुचारु उपलब्धता, सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंध, सदस्यों की सुविधाओं तथा मीडिया समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जुर्माना माफी का पत्र जारी न होने से स्कूल संघ नाराज

चंडीगढ़। हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ ने स्कूल सोसायटियों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने संबंधी आदेश का पत्र जारी न होने पर नाराजगी जताई है। संघ ने इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर जल्द नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने बताया कि हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसायटी एक्ट, 2012 के तहत सभी पंजीकृत सोसायटियों को नवीनीकरण कराने और 700 रुपये वार्षिक शुल्क ऑनलाइन जमा कराने के निर्देश दिए गए थे। वर्ष 2017 से यह प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू की गई, लेकिन समय पर शुल्क जमा न करने पर 20 रुपये प्रतिदिन का जुर्माना भी निर्धारित कर दिया गया।

### ट्रांसपोर्ट बुकिंग के नाम पर 57 हजार की ठगी

फरीदाबाद। ट्रांसपोर्ट बुकिंग के नाम पर 57 हजार रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजकुमार, विजय पांडे (निवासी गाजियाबाद) और विकास चौधरी (निवासी बागपत) के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों को 25 अप्रैल को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, गांव खंदावली निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि वह ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है। 1 मार्च को उसे एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को ट्रांसपोर्ट ऑफिस से बताकर गाड़ी बुकिंग के लिए 57,600 रुपये एडवांस मांगे। शिकायतकर्ता ने फोन-पे के माध्यम से राशि भेज दी, लेकिन न तो गाड़ी उपलब्ध कराई गई और न ही पैसे लौटाए गए।

### कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। सैनिक कॉलोनी चौक के पास कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस चौकी अनखीर की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान आश मोहम्मद उर्फ समीर उर्फ जज्बा और अरबाज (निवासी बड़खल) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वसीम नामक व्यक्ति ने शिकायत दी कि 24 अप्रैल की शाम वह दुकान बंद कर घर लौट रहा था। सैनिक कॉलोनी चौक के पास समीर और उसके साथियों ने उस पर हमला कर दिया। जांच में सामने आया कि आरोपी को शक था कि वसीम उसकी पत्नी को उसके खिलाफ भड़काता है, इसी रंजिश में वारदात की गई।

### सप्ताह में 30 साइबर अपराधी गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त सतेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में साइबर थाना टीमों ने 18 से 24 अप्रैल के बीच बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 33 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, साइबर थाना एनआईटी और सेंट्रल की टीमों ने चार मामलों में कार्रवाई की। इसके अलावा 543 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 8 लाख रुपये संदिग्ध खातों में फ्रीज कराए गए।

## गुरुग्राम में श्रमिक सम्मान समारोह, मुख्यमंत्री ने 34197 मजदूरों के खातों में भेजे 40 करोड़ रुपये

# श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का गठन होगा

**ऑटो चालकों और ड्राइवरों को भी सामाजिक सुरक्षा देगी सरकार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संगठित श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के गठन की घोषणा की है। यह घोषणा उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह के दौरान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने में श्रमिक वर्ग की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने श्रमिकों को देश की अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि उनके परिश्रम से ही देश और प्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 29 योजनाओं के तहत 34197 श्रमिकों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 40 करोड़ रुपये की राशि भेजी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने भारतीय मजदूर संघ की मांग पर ऑटो चालकों और ड्राइवरों को भी सामाजिक सुरक्षा देने के लिए राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड बनाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सेवा सुरक्षा नियम पहले ही लागू किए जा चुके हैं और पात्र कर्मचारियों को 15 जून तक नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाएंगे।

### न्यूनतम वेतन में 35% बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने 'कोड ऑन वेजिज' के तहत न्यूनतम बेसिक वेतन में 35 प्रतिशत की वृद्धि लागू की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में 2,903 रुपये का न्यूनतम वेतन अब बढ़कर 19,425 रुपये तक पहुंच चुका है, जो श्रमिक कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से श्रमिकों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## विकास कार्यों का जायजा लिया

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रविवार को गुरुग्राम शहर में अलग-अलग स्थानों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सुबह एनएच-48 और दोपहर को अशोक विहार-भीमगढ़ खेड़ी के समीप लेग-2 ड्रेन का निरीक्षण किया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा तथा पटौदी की विधायक बिमला चौधरी भी साथ रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस से गुरूकमल जाते हुए एनएच-48 की सर्विस लेन पर अपना काफिला रूकवाकर सफाई, हरियाली व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गुरुग्राम में नागरिकों की सुविधा से जुड़ी किसी सेवा में कमी नहीं रहनी चाहिए। वे लगातार नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं का फीडबैक ले रहे हैं और स्वयं निरीक्षण कर जायजा लेंगे। उन्होंने सड़कों के किनारे हरियाली व शहर के विभिन्न पार्कों का उचित रखरखाव करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री नेदोपहर अशोक विहार-भीमगढ़ खेड़ी के समीप से गुजर रही लेग-2 ड्रेन का निरीक्षण किया।

## कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को गुरुग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जन आक्रोश महिला सम्मेलन में भी शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संवाद स्थापित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री हर महीने सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व के मुद्दों पर चर्चा करते है।

## पूर्व डिप्टी स्पीकर गहलोत के निधन पर शोक जताया



गुरुग्राम। मुख्यमंत्रीने रविवार को गुरुग्राम में स्थित विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपी चंद गहलोत के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि स्वर्गीय गोपी चंद गहलोत का सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और उनका निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस दुख की घड़ी में सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## दस शहरों में 90 नई इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतरेंगी

चंडीगढ़। हरियाणा में शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। मई माह में प्रदेश के 10 शहरों में सिटी बसों की संख्या में बढ़ोतरी होने जा रही है। मई के अंत तक 90 नई इलेक्ट्रिक बसें संबंधित रूटों पर उतारी जाएंगी। प्रदेश में 65 सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन नई बसों के जुड़ने के बाद जून के पहले सप्ताह तक सिटी बसों की कुल संख्या बढ़कर 155 तक पहुंचने की उम्मीद है। इससे यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

### जांच के बाद ही होंगी शामिल

नई 90 बसों के संचालन से पहले एक विभागीय कमेटी द्वारा बसों का विस्तृत निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान तकनीकी गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और अन्य आवश्यक पहलुओं की जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद संबंधित जिलों में बस निर्माण कंपनियों द्वारा अतिरिक्त बसें भी भेजी जाएंगी, ताकि सेवा का विस्तार सुचारु रूप से किया जा सके।

### पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का लक्ष्य

प्रदेश में सिटी बस सेवा की शुरुआत पंचकूला, हिसार, रेवाड़ी, रोहतक, सोनीपत, करनाल, पानीपत, यमुनानगर और अंबाला जैसे शहरों में की गई थी। पिछले वर्ष इस योजना में कुरुक्षेत्र को भी शामिल किया गया था, जिससे सेवा का दायरा और बढ़ गया है। विभाग की दीर्घकालिक योजना के अनुसार भविष्य में कुल 375 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के पूरा होने पर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था अधिक सुदृढ़ और पर्यावरण के अनुकूल बन सकेगी।

## खेलों का हब बना हरियाणा : गौतम

■ श्रीनगर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल चिंतन शिविर



चंडीगढ़। केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा श्रीनगर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल चिंतन शिविर में हरियाणा के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गौरव गौतम ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। यह शिविर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडवीय और राज्य मंत्री रक्षा खड़से की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।
गौरव गौतम ने शिविर के दौरान सभी प्रतिनिधियों को कहा कि हरियाणा, जो देश की मात्र ढाई प्रतिशत आबादी वाला राज्य है, फिर भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 50 प्रतिशत से अधिक पदक जीतने में सफल रहा है। उन्होंने इसके पीछे खिलाड़ियों की अथक मेहनत, लगन और हरियाणा सरकार की दूरदर्शी खेल नीतियों को प्रमुख कारण बताया।खेल मंत्री ने कहा कि हमारा सदैव का नारा रहा है, 'देशां में देश हरियाणा, जित दूध दही का खाना'। हमारा खिलाड़ी हमेशा ड्रग्स और नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन का प्रतीक बना है। उन्होंने सभी राज्यों के मंत्रियों एवं अधिकारियों से अपील की कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम करें।

## निकाय चुनाव से पहले आरक्षण पर विवादः आयोग के पत्र से बढ़ी उलझन

ठहरियाणा में नगर निकाय चुनाव से पहले राज्य निर्वाचन आयोग के लेटर ने आरक्षण व्यवस्था को लेकर विवाद खड़ा कर दिया है। 23 अप्रैल को जारी इस लेटर के एक बिंदु ने न केवल प्रशासनिक हलकों में बल्कि कानूनी और सामाजिक मंचों पर भी तीखी बहस छेड़ दी है। हाईकोर्ट अधिवक्ता हेमंत कुमार ने मुद्दे को उठाते हुए राज्य के शीर्ष अधिकारियों राज्य निर्वाचन आयुक्त, शहरी स्थानीय निकाय विभाग और विधि विभाग को शिकायत भेजकर इस भ्रमित और संभावित भेदभावपूर्ण स्थिति पर तत्काल स्पष्टीकरण मांगा है। जबकि कल (सोमवार) नाम वापसी का आखिरी दिन है।

### उपायुक्तों को भेजे निर्देश

हरियाणा चुनाव आयुक्त द्वारा 12 जिलों अंबाला, पंचकूला, सोनीपत, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, करनाल, झज्जर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, रोहतक और यमुनानगर के उपायुक्तों को भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि, अन्य राज्यों से आए एससी व्यक्तियों को हरियाणा में एससी आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। दूसरे राज्य की एससी महिला, यदि हरियाणा के नॉन एससी पुरुष से विवाह करती है, तो उसे भी आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।
शिकायत में सबसे बड़ा सवाल यही उठाया गया है कि क्या इसका मतलब यह है कि अगर कोई दूसरे राज्य की एससी महिला हरियाणा के एससी पुरुष से विवाह करती है, तो उसे आरक्षण मिल सकता है? अगर हां, तो फिर नॉन-एससी पुरुष से विवाह करने पर उसे यह अधिकार क्यों नहीं।

## युवक की हत्या के आरोप में पत्नी और साला गिरफ्तार




फरीदाबाद। थाना डबुआ क्षेत्र में पति की हत्या कर शव को फेंकने के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने मृतक की पत्नी और उसके साले चंद्र प्रकाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 23 अप्रैल को डबुआ-पाली रोड पर जयबीर का शव मिला था। मृतक के भाई धर्मबीर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि मृतक शराब के नशे में अक्सर झगड़ा करता था। इससे परेशान होकर पत्नी ने अपने जीजा जितेंद्र उर्फ गुड्डू के साथ मिलकर 22-23 अप्रैल की रात उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए शव को पहले फांसी पर लटकाया और फिर अगले दिन मोटरसाइकिल से ले जाकर कूड़े के ढेर में फेंक दिया। पुलिस ने साले को जेल भेज दिया है, जबकि पत्नी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है

## हरियाणा नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र

# शहरों को स्वच्छ बनाने, सीसीटीवी लगाने व जलभराव से मुक्ति का वादा

**नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा बोले, जनता से फीडबैक लेकर तैयार किया**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने भ्रष्टाचार मुक्त, सुविधायुक्त, स्वच्छ और हरित शहरों के निर्माण का संकल्प लिया है। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, मेनिफेस्टो कमेटी अध्यक्ष गीता भुक्कल, विधायक बीबी बतरा, आफताब अहमद सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### सभी वर्गों का ख्याल रखा

घोषणापत्र जारी करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इसे जनता से संवाद कर तैयार किया गया है और इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने भाजपा सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि शहरों की स्थिति खराब हो चुकी है, सड़कें जर्जर हैं, सीवरेज व्यवस्था चरमराई हुई है और सफाई व्यवस्था बदहाल है।

उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस की जीत के बाद घोषणापत्र को पूरी ईमानदारी से लागू किया जाएगा। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कमेटी ने कम समय में जनता से सुझाव लेकर यह दस्तावेज तैयार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में नगर निगम नरक निगम बन गए हैं और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि चुनाव में जीत के बाद सभी घोटालों की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### घोषणापत्र के प्रमुख वादे

- ग्रीन व क्लीन सिटी : शहरों को प्रदूषण मुक्त बनाने, ग्रीन बेल्ट और पार्कों का सौंदर्यीकरण, चौक-चौराहों का विकास
- भ्रष्टाचार पर सख्ती : नगर निगम व नगर परिषद को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संकल्प, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने का वादा
- सुरक्षा व्यवस्था : शहर, बाजार, पार्क, बस अड्डों व रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे ; जहां पहले से लगे हैं, उन्हें और सुदृढ़ किया जाएगा
- स्वच्छता प्रबंधन : डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को दुरुस्त करना, कचरा डंपिंग की समस्या का स्थायी समाधान, कचरा प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना

# भगवंत बोले-ऑपरेशन लोटस चल रहा, सैनी ने कहा, सरकार से आप विधायक भी तंग

## आप में टूट से सियासत तेज, पंजाब सीएम के हमले पर नायब सिंह का पलटवार

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी सात सांसदों के टूटकर भारतीय जनता पार्टी में चले जाने के बाद से हमले तेज किए हुए हैं। आरोप है कि भाजपा के नेता पंजाब सरकार को अस्थिर करने के लिए ऑपरेशन लोटस चला रही है। एक वक्त में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह जो तमाम आप नेताओं की खिलाफत करते थे, आज वही उन सभी को गले लगाने के लिए मजबूर हो गए हैं। पूरे मामले में हरियाणा और पंजाब की सियासत गर्मा गई है। इस पर दोनों ही तरफ से आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पंजाब की आप सरकार को अस्थिर करने के सवाल पर कहना है कि वहां के विधायक तो खुद ही पीछा छुड़ाने के लिए बैठे हुए हैं, विधायकों को पता है कि वहां की जनता पंजाब सरकार के झूठ से तंग आ चुकी है। वहां पर कानून व्यवस्था का बुरा हाल है, युवाओं के पास रोजगार नहीं है इसलिए नशा बढ़ता जा रहा है। सीएम सैनी ने वहां नशा बिकने और जो लोग शिकायत करने जाते हैं, उनके विरुद्ध ही केस दर्ज कर दिए जाते हैं।

सांसदों की टूट के बाद से लगातार हमलावर आप नेताओं सीएम भगवंत मान ने जहां हमला बोला और कहा कि भारतीय जनता पार्टी तो पार्टी खाओ पार्टी बनकर रह गई है। पहले जजपा को खा गई, उसके अलावा भी बिहार में देखो नीतीश कुमार के साथ क्या रहा, इसी तरह से महाराष्ट्र में शिवसेना को खा गई। सीएम हरियाणा अपना प्रदेश संभालने के बजाय पंजाब में चुटकुले सुनाने के बहाने आते हैं, साथ ही लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने का काम करने लगे हैं।

### आप नेता बोले- जनता इनको चुनाव में सबक सिखा देगी

आप के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता और अनुराग ढांडा का पंजाब में 'ऑपरेशन लोटस चलाने वाले भाजपा नेताओं को जल्द ही जनता सबक सिखा देगी। सांसदों को भाजपा ज्वाइन करने के स्थान पर पहले राज्यसभा से इस्तीफा देना चाहिए था, क्योंकि उन्हें पंजाब के विधायकों ने चुनकर भेजा था। आप ने उन्हें पंजाब के दुख दर्द उठाने और विकास को गति देने के लिए सदन में भेजा था लेकिन इन लोगों ने आम जनता की पीठ में छुरा मारने का काम किया है। सांसदों के बाद में अब विधायकों पर डोरे डाले जा रहे हैं। लेकिन हमारे विधायक एकजुट हैं। यहां पर बता दें कि पंजाब की राजनीति में बड़ा भूचाल आया हुआ है, आम आदमी पार्टी के 10 में से 7 राज्यसभा सांसदों ने शुक्रवार को एक साथ बगावत कर दी और भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का ऐलान कर दिया। राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल जैसे बड़े चेहरों के इस कदम ने न केवल राज्यसभा का गणित बदल डाला है।

**खबर संक्षेप**

### पत्नी छोड़कर दूसरे के पास गई, मारपीट की तो युवक ने लगाया फंदा

**नारायणगढ़।** मेरी मौत का कारण ईशा है जिसने मुझे बहुत परेशान किया। सॉरी मां, सॉरी पापा, सॉरी भाई... मैं अच्छा बेटा नहीं बन पाया। 23 अप्रैल को अपने घर पर फंदे से लटके मिले वार्ड नंबर 12 के तरुण कुमार (26) की जेब से तीन पेज का सुसाइड नोट लिखा मिला है। युवक ने अपनी मौत का कारण पत्नी और उसके कथित प्रेमी को बताया है। पुलिस ने मृतक के पिता हरीश कुमार की तहरीर पर तरुण की पत्नी ईशा और उसके कथित प्रेमी मनीष सैणी व खाटू श्याम कंपनी काला आम्ब के कुछ सुरक्षा गार्ड पर प्राथमिकी दर्ज कर ली। पिता हरीश कुमार ने बताया कि उनके बेटे ने करीब 8 साल पहले यमुनानगर की ईशा के साथ प्रेम विवाह किया था। दंपती का साढ़े छह साल का बेटा है। पिता का आरोप है कि करीब 4 साल पहले ईशा उनके बेटे को छोड़कर कालाअंब में अंबली के मनीष सैनी के साथ रह रही थी। दोनों मिलकर तरुण को प्रताड़ित कर रहे थे। 22 अप्रैल को तरुण कालाअंब में कंपनी में नौकरी के लिए गया था। वहां पर उसकी पत्नी ईशा आई और तरुण से गाली गलौज की। रास्ते में उसके साथ ईशा व सुरक्षा कर्मियों ने मारपीट की।

### तूड़ा बेचकर लौट रहे किसानों से ट्रैक्टर-ट्राली और एक लाख रुपये लूटे

**झज्जर।** गांव गुढ़ा के नजदीक तूड़ा बेचकर ट्रैक्टर-ट्राली में वापिस लौट रहे हांसी जिले के किसानों के साथ बदमाशों द्वारा मारपीट करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली व एक लाख रुपये अधिक की राशि लूटने की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में हांसी जिले के खेड़ा रागडान निवासी रामेहर ने बताया कि वह बीती 19 अप्रैल को अपने छोटे भाई भीम व पुत्र गुलशन के साथ तूड़े से भरी ट्राली बेचकर गुरुग्राम से वापिस अपने गांव लौट रहे थे। रात करीब पौने दस बजे जब वे गुढ़ा गांव के नजदीक पहुंचे तो आठ-दस लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। इसके बाद उन्होंने उनके साथ बेवजह मारपीट करते हुए न केवल उनकी ट्रैक्टर-ट्राली छीन ली बल्कि उनकी तूड़े की बिक्री के उसकी जेब में रखे 67 हजार रुपये तथा उसके भाई जेब में रखे 45 हजार रुपये भी जबरन छीन लिए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## सिरसा में भाईचारा स्नेह सम्मेलन में पूर्व वित्त मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता का सर्वसमाज ने किया अभिनंदन

# भाईचारे की मजबूती के लिए सात्विक शक्तियां एकजुट हों : कैप्टन अभिमन्यु

**कैप्टन अभिमन्यु बोले- राजनीतिक सफलता-असफलता कोई मायने नहीं रखती, समाज को जागरूक करने की जिम्मेदारी मेरा मुख्य मकसद**


हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने आह्वान किया कि आज एक बार फिर सामाजिक लोगों को संतों-महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलते हुए सात्विक व स्वाभिमानी लोगों को मजबूत करने की दिशा में काम करना होगा तभी चौराहे पर खड़े समाज को राजनीतिक स्वार्थों व षड्यंत्रों से बचाया जा सकेगा। प्रदेश में छत्तीस बिरादरी का जो गुलदस्ता खून पसीने से सींचा था, उसमें राजनीतिक कारणों से भरोसे की कमी आई है, जो देश व समाज के लिए अच्छी बात नहीं है। वे भाईचारे की दरार भरने के लिए एक बार फिर प्रदेश की छत्तीस बिरादरी के बीच निकले हैं, ताकि सात्विक शक्तियों को इकट्ठा करके समाज के साथ-साथ देश-प्रदेश को मजबूत कर सकें। कैप्टन अभिमन्यु रविवार को जाट धर्मशाला में भाईचारा स्नेह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में पहुंचने पर कैप्टन अभिमन्यु का ढोल-नगाड़ों व फूल-मालाओं के साथ सर्वसमाज के लोगों ने स्वागत किया।

जाट धर्मशाला में सर्वप्रथम कैप्टन अभिमन्यु ने पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर हिसार जिला परिषद के चेयरमैन सोनू सिहाग, पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, पूर्व चेयरमैन अमीरचंद मेहता, डॉ. सागर केहरवाला, सम्मेलन के आयोजक हनुमान कुंडू, सेवानिवृत्त एसडीओ हेतराम खोड़, अमर सिंह घोटिया व श्याम बजाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।



सिरसा। भाईचारा स्नेह सम्मेलन में कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते आयोजक।



सिरसा। भाईचारा स्नेह सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आज वे इस सम्मेलन में राजनीतिक कार्यकर्ता के तौर पर नहीं, बल्कि सामाजिक चर्चा करने आए हैं। उन्होंने सर्वसमाज के उपस्थित लोगों से कहा कि वे जीवन के अनुभव नई पीढ़ी के साथ सांझा करें ताकि वे अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर आने वाले समय में देश व दुनिया में नाम कमा सकें। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि राजनीतिक सफलता-असफलता उनके लिए कोई मायने नहीं रखती लेकिन समाज को जागरूक करने की जिम्मेदारी उनका मुख्य मकसद है। सेना में हर दसवां सिपाही हरियाणा का है, फिर भी ऐसा बहादुर समाज चंद परिवारों का गुलाम हो जाए यह पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि जब तक सज्जन व सात्विक लोग इकट्ठे नहीं होंगे, तब तक समाज मजबूत नहीं हो पाएगा।

**लोगों को बांटने वालों का हो चुका है पर्दाफाश**

कैप्टन अभिमन्यु ने 2016 में हुए आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि उनका निजी नुकसान हुआ, यह दुख नहीं है बल्कि हरियाणा का भाईचारा जला उसकी पीड़ा आज तक भी बरकरार है। आंदोलन में 32 जानें चली गईं, जो दुखदायी है। भविष्य में राजनीतिक स्वार्थ व षड्यंत्र के तहत आनी वाली पीढ़ी इस तरह के कुचक्र में न फंसे इसलिए वे आज भाईचारा सम्मेलन में पहुंचे हैं। उन्होंने बिना नाम लिए एक राजनीतिक पार्टी की ओर इशारा करते हुए कहा कि आंदोलन के नाम पर भोले-भाले लोगों को दो अलग-अलग जगह खड़ा करके 35-1 के नारे लगवाए गए और भाईचारे को तोड़ने का प्रयास किया गया, यह सब एक राजनीतिक पार्टी के इशारे पर किया गया जिनका समाज के समक्ष पर्दाफाश हो चुका है। उन्होंने कहा कि जाति-बिरादरी की राजनीति से किसी का भी भला नहीं हो सकता। अब भक्ति की राजनीति की जरूरत है। युवा पीढ़ी को सम्मान व स्वाभिमान मिलेगा तो वे समाज की मजबूती के लिए काम कर सकेंगे।

**आम आदमी पार्टी अपने कुकर्मों के बोझ तले दबी**

सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में कैप्टन अभिमन्यु ने महिला बिल पर बोलते हुए कहा कि विपक्ष ने बहुत बड़ा मौका खो दिया है और आज विपक्ष का नेतृत्व विचारहीन हो चुका है। इनका जनता के सरोकारों से कोई लेना-देना नहीं है। आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सदस्यों के पार्टी छोड़ने के सवाल पर कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि आम आदमी पार्टी अपने कुकर्मों के बोझ तले दबती जा रही है। पंजाब की जनता ने अकाली दल बादल, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के सभी प्रयोग देख लिए हैं और अब आने वाले चुनाव में प्रदेश की जनता नया प्रयोग भाजपा के रूप में देख रही है।


# अपनों के हाथों मासूमों का कत्ल

## पत्नी व 4 वर्षीय बेटी की पीट-पीटकर हत्या, तीन माह के बेटे को लेकर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलवल

जिले के किठवाड़ी गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक पिता पर आरोप लगे हैं कि उसने अपनी चार साल की बेटी व पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद 3 महीने के बेटे को लेकर फरार हो गया। मायके वाले जब वहां पहुंचे तो मां-बेटी के शव घर के आंगन में पड़े मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल वाले बेटी को स्कॉर्पियो गाड़ी और 25 लाख रुपये के लिए परेशान कर रहे थे। चांदहट थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति समेत 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

उत्तर प्रदेश के कामरगढ़ी निवासी नरवीर ने शिकायत में बताया कि उसकी बहन मितलेश की शादी 2020 में पलवल में किठवाड़ी निवासी धर्मवीर से हुई थी। शादी के बाद से ही पति धर्मवीर, देवर कर्मवीर, सास प्रेमवती, ससुर दयाचंद, ननद रेखा और अनीता दहेज की मांग कर रहे थे। दहेज न देने पर मितलेश को कई बार प्रताड़ित किया गया और मारपीट भी की गई। दो अप्रैल को जब मितलेश जिला अस्पताल में भर्ती थी, तब भी आरोपियों ने दहेज



मृतक मां-बेटी। - फाइल फोटो

की मांग को लेकर नरवीर की मां राजवती और मोहन के साथ मारपीट की थी।

नरवीर ने बताया कि 25 अप्रैल को मित्रोल निवासी पवन उर्फ केदारू ने फोन कर बहन मितलेश और भांजी मुकली की मौत की सूचना दी। जब परिजन किठवाड़ी पहुंचे तो दोनों के शव घर में पड़े मिले। दोनों के शरीर पर चोटों के निशान थे और नाक-कान से खून बह रहा था।

**थाना प्रभारी बोले- बच्चे की तलाश कर रहे**

चांदहट थाना प्रभारी हरिकृष्ण ने बताया कि पुलिस को शाम को मां-बेटी की हत्या की सूचना मिली थी। महिला के भाई की शिकायत पर पति, देवर, दो ननद और सास-ससुर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। बच्चे की तलाश की जा रही है।

## डेढ़ साल की बच्ची नाले में फेंकी बोली-6 बेटियां नहीं पाल सकती थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पल्ला थाना क्षेत्र में नाले से बच्ची का शव मिलने के मामले में चौकाने वाला खुलासा हुआ है। सीसीटीवी फुटेज से सामने आया कि मां ने खुद अपनी डेढ़ साल की मासूम बेटी को नाले में जिंदा ही फेंक दिया था। नाले में डूबने से बच्ची की मौत हो गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने जांच शुरू की तो सीसीटीवी फुटेज में बच्ची की मां ही उसे गोद में उठाकर लेकर जाती हुई दिखाई दी, जबकि वापसी में वह अकेली थी। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बच्ची को नाले में फेंकने की बात कबूल ली। पूछताछ में महिला ने बताया कि 6 बेटियों में यह सबसे छोटी थी। गरीबी के कारण उसने ऐसा किया।

पुलिस के मुताबिक, 23 अप्रैल को पल्ला थाना क्षेत्र में नाले में एक बच्ची का शव बरामद हुआ था। धीरज नगर और टीटू कॉलोनी पार्ट-2 के बीच बुढ़िया नाले के ऊपर से जब बच्चे गुजर रहे थे तो उन्होंने यह शव देखा था। पोस्टमॉर्टम के बाद पता चला कि बच्ची की उम्र करीब डेढ़ साल है, जिसकी पानी में डूबने से मौत हुई है।

**सीसीटीवी से खुला राज**

पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर महिला की तलाश शुरू की। धीरज नगर एरिया में जब टीम पहुंची तो वहां के रहने वाले लोगों ने महिला को फोटो से पहचान लिया। उसकी पहचान मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले की निवासी नीलम पत्नी संजय के रूप में हुई है। वह कई सालों से यहां रह रही है। इसके बाद टीम ने नीलम को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में महिला नीलम ने बताया कि उसकी पांच बेटियों और हैं। पति संजय अपाहिज है, जो किसी कंपनी में नौकरी करता है। महिला नीलम ने पूछताछ में बताया कि उसके परिवार की आर्थिक हालात बेहद कमजोर है। छह बेटियां हो जाने से वह उनका पालन पोषण सही से नहीं कर पा रही थी। इसलिए उसने सबसे छोटी बेटी को नाले में फेंक दिया। अब पुलिस नीलम के दावे की जांच कर रही है।

## गोतस्करी में वांछित का पुलिस ने किया एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏩ नूंह

नूंह जिले के सदर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सीआईए नूंह और पुन्हाना अपराध शाखा की संयुक्त टीम के साथ वांछित गोतस्कर की मुठभेड़ हो गई, जिसमें आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल आरोपी की पहचान शाकिर पुत्र नवाबदीन निवासी लुहिंगा कला थाना पुन्हाना के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।



आरोपी शाकिर।

पुलिस के अनुसार सीआईए नूंह प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप मोर के नेतृत्व में टीम वांछित आरोपी की तलाश में थी। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी मोटरसाइकिल पर तावडू की तरफ से पल्ला पहाड़ मार्ग से नूंह की ओर आने वाला है। आरोपी नाकाबंदी देखकर भाग निकला। उसने पीछा कर पुलिस पर अवैध देशी कट्टे से सीधी फायरिंग कर दी, जिसकी गोली इंस्पेक्टर संदीप मोर के कान के पास से निकल गई। आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी के पैर में पुलिस की गोली लगी। शाकिर पर पुन्हाना, नूंह सदर व नगीना सहित विभिन्न थानों में गोकशी और अन्य मामलों के करीब 10 मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

## पिता की डांट से बचने को 11 वर्षीय बच्चे ने फंदा लगाकर दी जान

**फरीदाबाद।** छांयसा थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि बच्चे ने घर से कुछ रुपये निकाल लिए थे। मां को जब इस बात का पता चला तो उसने बच्चे से कहा कि वह पिता को बताएगी। इसके बाद उसने छत पर पहुंचकर कपड़े सुखाने वाली रस्सी से पानी की टंकी पर फंदा बनाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार, मृतक बच्चा चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था और छठी कक्षा में पढ़ता था। बच्चे के पिता सुरेश मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

## शादी के करीब 4 साल बाद फेरे की रस्म निभाने ससुराल पहुंचे सीएम भगवंत मान

- चाचा ससुर के निधन पर मदनपुर गांव में जाकर शोक भी जताया

हरिभूमि न्यूज ⏩ पिहोवा

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को पिहोवा में अपने ससुराल पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर और दो साल की बेटी नियामत कौर भी थीं। भगवंत मान अपनी शादी के तीन साल नौ महीने बाद पारंपरिक फेरे व अन्य रस्में निभाने पहुंचे थे। वह अपने ससुराल में करीब दो घंटे रुके। इस दौरान उन्होंने दोपहर का खाना भी खाया। इसके बाद, मान अपनी पत्नी के पैतृक गांव मदनपुर गए। हाल ही में मान के चाचा ससुर हरपाल सिंह का निधन हो गया था। भगवंत मान ने परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार सीएम मान रविवार को विशेष रूप से शादी के बाद की पारंपरिक रस्में निभाने अपने ससुराल गए थे। हालांकि वह पहले भी चुनाव प्रचार के दौरान पिहोवा आ चुके हैं, लेकिन इस मौके से पहले वह कभी अपने ससुराल नहीं गए थे। वहीं, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा।



पिहोवा। ससुरालजन के साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान। *फोटो : हरिभूमि*

## मिनी मशीन से भ्रूण लिंग जांच करते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏩ करनाल

मंगल कॉलोनी पार्ट-2 में भ्रूण लिंग जांच के काले खेल का खुलासा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को दूसरी बार रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी मौके पर ही पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ मिला। आरोपी 30 हजार रुपये लेकर जांच करता था। डॉ. ललित ने बताया कि आरोपी संजय के खिलाफ वर्ष 2019 में भी इसी तरह का मामला दर्ज हो चुका है।

करनाल डिप्टी सीएमओ डॉ. शीनु चौधरी ने बताया कि पानीपत स्वास्थ्य विभाग को करनाल में भ्रूण लिंग जांच की सूचना मिल रही थी। इसके बाद करनाल और पानीपत की टीमों ने मिलकर कार्रवाई की योजना बनाई। आरोपी तक पहुंचने के लिए विभाग ने फर्जी ग्राहक तैयार किया। निर्धारित समय पर गर्भवती महिला को आरोपी द्वारा जांच वाली जगह पर ले जाया गया। वहां पर मोबाइल फोन जैसी दिखने वाली पोर्टेबल मशीन से भ्रूण लिंग जांच की गई। इसी दौरान टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने यह मशीन किसी वेबसाइट से मंगवाई थी। टीम ने बताया कि इतनी छोटी मशीन पहली बार रेड में दिखी है।




**धर्म** | राधा स्वामी दिनोद के संत कंवर साहेब महाराज ने दार्जिलिंग में किया सत्संग

# नाम जप से इच्छाएं होती हैं पूर्ण, मन नहीं होता विचलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर साहेब महाराज इन दिनों नेपाल एवं उत्तर-पूर्व भारत की सत्संग यात्रा पर हैं। 24 अप्रैल से प्रारंभ यह यात्रा आगामी दस दिनों तक चलेगी, जिसमें धुलाबारी, दार्जिलिंग, जोरथांग, गंगटोक और सिलीगुड़ी में सत्संग एवं दर्शन होंगे। दार्जिलिंग शाखा में उन्होंने फरमाया कि जिस मनुष्य के जीवन में गुरु, सत्संग और भक्ति का स्थान नहीं होता, उसका जीवन वास्तव में सूना होता है। जैसे चंद्रमा के बिना रात्रि अधूरी लगती है, सूर्य के बिना दिन और दीपक के बिना प्रकाश नहीं होता, उसी प्रकार गुरु के ज्ञान के बिना मनुष्य का जीवन अंधकारमय और सूना हो जाता है। जीवन में गुरु का होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि गुरु के बिना सच्चे ज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं है। गुरु ज्ञान के सामने चाहे सैकड़ों चंद्रमा और हजारों सूर्य भी उदय हो जाएं, फिर भी वह गुरु ज्ञान के सामने अंधकार ही प्रतीत होते हैं। जब हम गुरु के दिए हुए नाम का स्मरण करते हुए अभ्यास और नाम-जप करते हैं तो हमारे संकल्प और इच्छाएं या तो पूर्ण हो जाती हैं या फिर हमारे भीतर ऐसी शांति और संतोष उत्पन्न हो जाता है कि उनके अधूरे रहने पर भी मन विचलित नहीं होता। क्योंकि गुरु हमें जीवन का सच्चा सत्य समझा देते हैं। वे हमारे मन को संसार की नश्वर वस्तुओं से हटाकर प्रभु के चरणों में लगा देते हैं, जहां केवल शांति ही शांति है। संसार की वस्तुएं हमें अपनी ओर आकर्षित करती हैं, परंतु गुरु हमें उनमें उलझने से बचाते हैं।

जो व्यक्ति नियमित रूप से सत्संग करता है, जिसके घर में गुरु-वाणी का पाठ होता है और जहां संतों का आना-जाना बना रहता है, उसके सभी पापकर्म धीरे-धीरे समाप्त हो जाते हैं। ऐसा घर स्वयं तीर्थ के समान पवित्र और पूजनीय बन जाता है।



दार्जिलिंग में संगत को सत्संग फरमाते संत कंवर साहेब महाराज।

**धार्मिक वही, जिसके हृदय में दया**

उन्होंने फरमाया कि गुरु हमारे जीवन के सच्चे हितैषी और कल्याणकारी होते हैं। वे न केवल आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि हमें गृहस्थ जीवन, धर्म, दान-पुण्य और सेवा के मार्ग पर भी चलना सिखाते हैं। गुरु हमें धर्म के पथ पर अग्रसर करते हैं और हमें सच्चा धार्मिक बनाते हैं। धार्मिक वही व्यक्ति हैं, जिसके हृदय में दया होती है और जो दूसरों की सहायता करने तथा दान देने की भावना रखता है। भक्ति में भाव का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। भाव में अपार शक्ति होती है, जिसके प्रति हमारा भाव जितना बढ़ता है, उसके गुण अपने आप हमारे भीतर उतरने लगते हैं। यही कारण है कि गुरु और संतों के प्रति प्रेम-भाव रखने की प्रेरणा दी जाती है, ताकि हम भी उनके समान गुणों को अपने जीवन में धारण कर सकें। गुरु हर परिस्थिति में हमारे सहायक बने रहते हैं। वे कठिन से कठिन मार्ग को भी सरल बना देते हैं और हमें सहजता से पार लगा देते हैं।

# अमेरिका ने सोलर कंपनियों को दिया झटका, लगाई 123 प्रतिशत की ड्यूटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वारी एनर्जीज समेत कई सोलर कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 5 प्रतिशत से ज्यादा तक लुढ़क गए। अमेरिकी कॉमर्स डिपार्टमेंट ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आयात किए जाने वाले सोलर सेल्स और पैनल्स पर प्रीलिमनेरी एंटी-डंपिंग ड्यूटीज की घोषणा की है। अमेरिका में कई घरेलू फैक्ट्री मालिकों ने आरोप लगाया था कि इन 3 देशों की कंपनियां अमेरिकी मार्केट में सस्ते सामान की डंपिंग कर रही हैं, इसके बाद यूएस कॉमर्स डिपार्टमेंट ने यह घोषणा की है। यह बात की एक रिपोर्ट में कही गई है।

- सोलर कंपनियों के शेयर हुए धड़ाम, पांच फीसदी से अधिक लुढ़के
- भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आयातित सोलर सेल्स व पैनल पर लगाया



### भारत से होने वाले आयात पर 123.04 फीसदी ड्यूटी

रॉयटर्स कैलकुलेशंस के मुताबिक, हालिया बदलावों के बाद भारत से होने वाले आयात के लिए प्रीलिमनेरी ड्यूटी रेट्स, जिन्हें डंपिंग मार्जिन्स के नाम से जाना जाता है, बढ़कर 123.04 प्रतिशत पहुंच गए हैं। वहीं, इंडोनेशिया से होने वाले इंपोर्ट के लिए ड्यूटी रेट्स 35.17 प्रतिशत और लाओस से होने वाले आयात के लिए ड्यूटी रेट्स 22.46 प्रतिशत पहुंच गए हैं।

### इन देशों की बड़ी हिस्सेदारी

अमेरिका से होने वाले टोटल सोलर इंपोर्ट्स में भारत, इंडोनेशिया और लाओस की संयुक्त हिस्सेदारी करीब दो तिहाई है, जो कि करीब 4.5 बिलियन डॉलर के करीब है। पिटीशन दाखिल करने वाले अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड में टेम्पे, एरिजोना बेस्ड फर्स्ट सोलर, क्यूसेल्स, कोरिया की हैनवा की सोलर डिवीजन और प्राइवेट कंपनियां टैलॉन पीवी और मिशन सोलर शामिल हैं।

### *अंतिम फैसले की घोषणा 13 जुलाई को*

*कॉमर्स डिपार्टमेंट ने कहा है कि वह भारत और इंडोनेशिया से आयात होने वाली सोलर सेल्स के लिए 13 जुलाई को या इसके करीब अंतिम फैसले की घोषणा करेगा। वहीं, लाओस से होने वाले इंपोर्ट पर फैसला 9 सितंबर को या उसके करीब आएगा।*

### *वारी एनर्जीज के शेयर हुए धड़ाम*

*सोलर कंपनी वारी एनर्जीज के शेयर शुक्रवार को धड़ाम हो गए। वारी एनर्जीज के शेयर बीएसई में इंट्राडे के दौरान 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 3240 रुपए पर जा पहुंचे। वारी एनर्जीज के रेवेन्यू में अमेरिकी मार्केट की बड़ी हिस्सेदारी है। एक्मे सोलर होल्डिंग, विक्रम सोलर लिमिटेड और इंडोसोलर लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वा सोलर लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 68.25 रुपए पर बंद हुए हैं। प्रीमियर एनर्जीज के शेयर भी शुक्रवार को कारोबार के दौरान 4 प्रतिशत तक लुढ़क गए थे। हालांकि, कारोबार के आखिर में कंपनी के शेयर हरे निशान पर बंद हुए हैं।*

## खबर संक्षेप

### चंद्रबाबू को 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को एक मीडिया घराने ने 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार दिया है। पुरस्कार स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान दर्शाता है कि आंध्र प्रदेश में शासन सुधारों और नीतिगत पहलों के चलते राज्य निवेश और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नायडू ने शनिवार देर रात 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैं 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं।

### मूसेवाला के पिता को विदेशी नंबर से धमकी



**चंडीगढ़।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पर बन रही फिल्म लारेंस ऑफ पंजाब का विरोध करना सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह सिद्धू को भारी पड़ गया। उन्हें व्हाट्सएप पर विदेशी नंबर से धमकी भरा संदेश भेजा गया है जिसमें बम और गोली से उड़ाने की चेतावनी दी गई है। धमकी में कहा गया है कि यह फिल्म हर हाल में रिलीज होगी और इसे कोई नहीं रोक सकता।

### नेपाल में अब 60 की उम्र में होगा रिटायरमेंट



**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने संघीय सिविल सेवा बिल का मसौदा तैयार किया है, जिसमें सिविल सेवा में रिटायरमेंट की उम्र 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने और लोक सेवा आयोग में प्रवेश की अधिकतम आयु सीमा घटाने का प्राविधान किया गया है। पुरुषों के लिए सिविल सेवा में प्रवेश की घटाकर 32 वर्ष की है।

## वित्त वर्ष 2025-26 का समापन महत्वपूर्ण मोड़ पर किया, कंपनियां वैश्विक दबाव व एआई के बढ़ते प्रभाव से गुजर रही

# एआई बदलाव के दौर में भारतीय आईटी क्षेत्र शीर्ष पांच कंपनियों के रहे मिले-जुले नतीजे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की शीर्ष पांच कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, एचसीएलटेक, विप्रो और टेक महिंद्रा ने वित्त वर्ष 2025-26 का समापन एक महत्वपूर्ण मोड़ पर किया है। ये कंपनियां वैश्विक आर्थिक दबाव, पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति और कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते प्रभाव के बीच बदलाव के दौर से गुजर रही हैं। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि आईटी क्षेत्र तेजी से पारंपरिक कार्य-प्रणाली से आगे बढ़ रहा है। एआई के कारण पुरानी आईटी सेवाओं से होने वाली आय पर दबाव पड़ रहा है, लेकिन इसकी भरपाई नई एआई-आधारित सेवाओं के बढ़ते अवसरों से हो रही है। अब कंपनियां बड़ी परियोजनाओं के बजाय परिणाम-आधारित और छोटे-छोटे हिस्सों में बंटे अनुबंधों पर अधिक ध्यान दे रही हैं। यह बदलाव कंपनियों के भविष्य के अनुमान और कर्मचारियों से जुड़े रुझानों में भी साफ दिख रहा है। जहां टीसीएस और इन्फोसिस को लगता है कि मुश्किल दौर अब कम हो रहा है, वहीं एचसीएलटेक और विप्रो ने आगे भी अनिश्चितता और कमजोर मांग की आशंका जताई है।

### एचसीएल का कुछ क्षेत्रों में रहा कमजोर प्रदर्शन

एचसीएलटेक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सी. विजयकुमार ने कहा, /"तिमाही के दौरान कुछ क्षेत्रों में कमजोरी, कम खर्च और फैसलों में देरी के कारण प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा। हमारी नई एआई सेवाओं को बाजार में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और हमारा मुख्य लक्ष्य भविष्य में एआई से मिलने वाले अवसरों का लाभ उठाना है।







### एआई के इस्तेमाल से राजस्व में गिरावट नहीं

कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने इस आशंका को खारिज किया कि एआई के तेज इस्तेमाल से राजस्व में गिरावट आ रही है। उनका कहना है कि वे एआई को मध्यम और दीर्घकाल में ग्राहकों के कामकाज को आधुनिक बनाने और नए अवसर पैदा करने वाले एक बड़े साधन के रूप में देखते हैं।

### विप्रो वैश्विक व नीतिगत बदलावों से प्रभावित

विप्रो का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 1.89 प्रतिशत घटकर 3,501.8 करोड़ रुपये रह गया, जबकि आय 7.6 प्रतिशत बढ़कर 24,236.3 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने वर्तमान आर्थिक स्थिति को एक नई सामान्य स्थिति बताया है, जो वैश्विक और नीतिगत बदलावों से प्रभावित है।

### टेक महिंद्रा का लाभ 16 फीसदी बढ़ा

टेक महिंद्रा का समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,353.8 करोड़ रुपये रहा, जबकि आय 12.6 प्रतिशत बढ़कर 15,076.1 करोड़ रुपये हो गई। पूरे वित्त वर्ष में कंपनी का लाभ 13.15 प्रतिशत बढ़कर 4,810.9 करोड़ रुपये और आय 7.2 प्रतिशत बढ़कर 56,815.4 करोड़ रुपये रही।

### टीसीएस को एआई से 2.3 अरब डॉलर की आय

टीसीएस ने वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 12.22 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 13,718 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी का कहना है कि वह नए वित्त वर्ष में सकारात्मक स्थिति के साथ प्रवेश कर रही है और हाल की अधिकांश चुनौतियां अब पीछे छूट चुकी हैं। एआई सेवाओं से उसकी सालाना आय 2.3 अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है, जो कुल आय का छह प्रतिशत से ज्यादा है।

### एआई पारंपरिक सेवाओं का प्रभावित कर रहा

इन्फोसिस का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 20.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8,501 करोड़ रुपये रहा, जबकि आय 13.4 प्रतिशत बढ़कर 46,402 करोड़ रुपये रही। कंपनी प्रबंधन ने माना कि एआई पारंपरिक सेवाओं को प्रभावित कर रहा है, लेकिन नई एआई सेवाओं की मांग से इसकी भरपाई हो रही है।

#### सीआईसी ने पीपीएससी के फैसले को सही ठहराया

## रूस से तेल आयात की जानकारी गोपनीय

नई दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत काम करने वाली पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने कहा कि रूस से भारत में आयात किए जाने वाले कच्चे तेल से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती, क्योंकि यह व्यावसायिक और गोपनीय प्रकृति की है। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी इस रुख का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश के रणनीतिक और आर्थिक हित प्रभावित हो सकते हैं। यह मामला सूचना का अधिकार के तहत दायर एक आवेदन से जुड़ा है, जिसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से भारत में आयातित कच्चे तेल का विवरण मांगा गया था। इसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों द्वारा आयात की जानकारी भी मांगी गई थी।





### सत्ता केवल सद्गुण के साथ ही लाभकारी होती है: भागवत

**नागपुर (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि सत्ता तभी लाभकारी होती है जब उसके साथ सद्गुण भी हो। नागपुर में 'नाग भूषण पुरस्कार' वितरण समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने पुरस्कार पाने वालों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक प्रतिभा 10 प्रतिशत प्रेरणा और 90 प्रतिशत परिश्रम का परिणाम होती है। वर्ष 2025 का ये पुरस्कार सोलर ग्रुप के अध्यक्ष तथा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सत्यनारायण नुवाल को प्रदान किया गया। उन्हें रक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पित निस्वार्थ सामाजिक सेवा के लिए यह पुरस्कार दिया गया। वर्ष 2025 का 'युवा नाग भूषण पुरस्कार' 'यंग आयरन मैन' श्रेणी में दक्ष खांटे को प्रदान किया गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## बेंगलुरु में बनेगी नई बुलेट ट्रेन आइसीएफ-बीइएमएल को जिम्मा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्वदेशी बुलेट ट्रेन बी-28 का उत्पादन बंगलुरु में किया जाएगा। इन ट्रेनों का निर्माण सवारी डिब्बा कारखाना (आईसीएफ), चेन्नई और भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीइएमएल) मिलकर करेंगे। इके लिए 'आदित्य' विशेष परिसर तैयार किया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उच्च गति रेल के निर्माण के लिए समर्पित इस विशेष परिसर का उद्घाटन किया।

### रेलमंत्री वैष्णव ने दी जानकारी



मंत्री ने कहा कि उच्च गति रेल तकनीक बेहद जटिल और पेचीदा होती है। देश के भीतर इसका विकास स्वदेशी अभियांत्रिकी के क्षेत्र में मील का पत्थर है। यहां आईसीएफ और बीइएमएल द्वारा ट्रेनों को तैयार किया जाएगा। इस परिसर में विशेष रूप से रोबोटिक लेजर वेल्डिंग सिस्टम समेत कई आधुनिक और हाई-प्रिसिजन मशीनों की सुविधा दी गई है। इन ट्रेनों का निर्माण 250 किमी या इससे अधिक गति से चलने के लिए किया जाएगा।

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर आज होंगे हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की उपस्थिति में यहां भारत मंडपम में हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह समझौता भारतीय कंपनियों को न्यूजीलैंड के बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर का निवेश लाएगा। दोनों देशों ने पिछले साल 22 दिसंबर को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते से भारत को अपने 100 प्रतिशत निर्यात पर शून्य शुल्क बाजार पहुंच मिलेगी, वहीं न्यूजीलैंड से भारत को निर्यात होने वाले 95 प्रतिशत सामान पर शुल्क समाप्त या कम हो जाएगा। इसमें ऊन, कोयला, लकड़ी, शराब से लेकर एवोकाडो और ब्लूबेरी शामिल हैं।



## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

### जून में फ्रांस में होगी जी- 7 समिट

# ईरान युद्ध के बीच ट्रंप और पीएम मोदी की मुलाकात के आसार बने

दोनों देशों के विदेश मंत्री भी मिलेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात होने के आसार हैं। अगले महीने यह मुलाकात शेड्यूल है, जिसकी तैयारी चल रही है। इस मुलाकात से पहले दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात भी हो सकती है। फ्रांस में जून महीने में जी-7 समिट होने वाली है, जिसमें दोनों राष्ट्राध्यक्ष मिल सकते हैं। दोनों के बीच ईरान युद्ध, मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी हो सकती है। समिट से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो मई में दिल्ली आएंगे और भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात करेंगे। मार्को रुबियो भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात के दौरान फ्रांस समिट की रूपरेखा तैयार करेंगे। समिट 15 से 17 जून के बीच हो सकती है।




### फरवरी 2025 में हुई थी पिछली मुलाकात

पिछली बार दोनों की मुलाकात फरवरी 2025 में हुई थी। इसके बाद अब तक दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती रही है। लेकिन अब दोनों के बीच फ्रांस में औपचारिक बैठक हो सकती है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को समिट में शिरकत करने का न्योता दिया है।

### लंदन में नीलाम होगा शाही परिवार का 17वीं सदी का सुपर कम्प्यूटर

**लंदन।** जयपुर की महारानी गायत्री देवी के संग्रह से प्राप्त 17वीं शताब्दी में पीतल से बने एक दुर्लभ खगोलीय सुपरकंप्यूटर (एस्ट्रोलैब) को अगले सप्ताह लंदन में सोथबी नीलामीघर में नीलाम किया जाएगा। बुधवार को होने वाली नीलामी में यह सुपरकंप्यूटर 'इस्लामिक जगत एवं भारत की कला' का मुख्य आकर्षण है। इसे इस सप्ताहांत प्रदर्शित किया गया था और इसकी अनुमानित कीमत 15 से 25 लाख पौंड के बीच है। वर्ष 1612 का यह सुपर कंप्यूटर अपनी तरह का सबसे बड़ा कंप्यूटर माना जाता था।



### भारतीय सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करेगा

# दुश्मनों का बनेगा काल, डीआरडीओ का नया स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल






**नई दिल्ली।** भारतीय सेना अब पहले से कहीं ज्यादा घातक और आधुनिक होने जा रही है। भविष्य के युद्धों की जरूरतों को देखते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक खास बख्तरबंद प्लेटफॉर्म तैयार किया है। इसे विशेष रूप से वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (वीआरडीई) द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।

### 70 फीसदी स्वदेशी सामान का हुआ है इस्तेमाल

इस प्रोजेक्ट की खास बात इसका स्वदेशी होना है। वर्तमान में इसमें 70 फीसदी कल-पुर्जे भारतीय हैं। डीआरडीओ का लक्ष्य जल्द ही इसे 100 प्रतिशत आत्मनिर्भर बनाना है।

डीआरडीओ ने बताया कि यह वाहन भारतीय सशस्त्र बलों की बदलती परिचालन जरूरतों को पूरा करने में गेम-चेंजर साबित होगा। रक्षा विभाग (अनुसंधान और विकास) के सचिव डॉ. एसवी कामत ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में डीआरडीओ प्रयोगशाला में नए आर्मर्ड व्हीकल्स का अनावरण किया।

## शब्द पहेली - 6208




**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -6207 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ला | म | त | | म | हा | व | र | |
| का | म | | ही | र | | म | सि | | थ | ल |
| फी | | शा | न | | वं | | ल | ब | | क्ष्य |
| | | य | | म | हा | न | | र | | |
| | फ | र | मा | न | | र | स | खा | न | |
| का | की | | ल | | | | न | | र | ति |
| | र | नि | वा | स | | ह | म | द | म | |
| | | य | | र | ज | क | | स्त | | |
| जा | | म | जा | | हां | | श | क | | का |
| न | शा | | य | म | | पा | प | | सा | या |
| | म | हा | का | ल | | ल | थ | प | थ | |



भवानीपुर में पदयात्रा

# ममता बनर्जी ने लोगों से की बात

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में हजारों पार्टी समर्थकों के साथ पदयात्रा का नेतृत्व किया। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अब अपने अंतिम दौर में है। 'जोतोई कोरो हमला आबार जीतबे बांग्ला' (चाहे आप कितना भी हमला करें, बंगाल की जीत होगी)



गीत की धुन के बीच, बनर्जी ने लैंसडाउन क्रॉसिंग से कालीघाट फायर सर्विसेज स्टेशन तक एक किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों से संवाद भी किया। 'दीदी दीदी' के नारों के बीच रंगारंग रोड शो के दौरान उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया, मालाएं स्वीकार कीं।

### जातिसूचक टिप्पणी पर ममता को आयोग का नोटिस

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जातिसूचक टिप्पणी पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने सख्त रुख दिखाया है। आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और तीन दिनों में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा कि अपमान को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ममता के समर्थन में उतरे केजरीवाल



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को बंगाल में एसआईआर को भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के समर्थन में बेलेघाटा एक सार्वजनिक रैली में कहा, वोटर लिस्ट बदलने के लिए षडयंत्र किया गया। 27 लाख नाम वोटर लिस्ट से काट दिए। केजरीवाल ने कहा, मां-बाप का वोट है, लेकिन बेटा का वोट काट दिया। आपके साथ सारे अधिकार छीन लिए। आज कसम खाकर जाओ, जिन 27 लाख लोगों के वोट कटे हैं, वो घर-घर जाकर दीदी के लिए वोट मांगेंगे।

## पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग के बाद सभी दलों ने प्रचार में झोंकी ताकत

नॉर्थ 24 परगना और हुगली की रैली में मोदी ने ममता पर बोला जोरदार हमला बोले-

# टीएमसी का घमंड टूटा, भाजपा की जीत तय

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बंगाल में पहले चरण के चुनाव के बाद चुनाव प्रचार और जोरों पर है। प्रचार में भाजपा और टीएमसी की रैलियों में एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप और जमकर बयानबाजी हो रही है। सभी अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

उधर पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के बनगांव और हुगली के हरिपाल में चुनावी रैली की। उन्होंने बनगांव में कहा कि पहले फेज के मतदान में टीएमसी का घमंड टूट चुका है। दूसरे चरण में भाजपा की जीत तय होती दिख रही है। उन्होंने कोलकाता में रोड शो भी किया किया। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे हैं। उन्होंने कहा कि 15 साल पहले टीएमसी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर सत्ता में आई थी, आज वे इन शब्दों को बोल भी नहीं पाते। अगर बोलेंगे, तो इनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी के राज में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं है।'



### कोलकाता में प्रधानमंत्री का रोड शो

**मोदी ने मतुआ समुदाय के मुख्य मंदिर, कोलकाता के ठनठनिया काली मंदिर में प्रार्थना की**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण से पहले भाजपा ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है और इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को उत्तरी कोलकाता में एक रोड शो किया। 'भारत माता की जय', 'जय श्री राम' और भाजपा के पश्चिम बंगाल चुनाव के नारे 'पलटनो दरकार, तेई भाजपा सरकार' (परिवर्तन लाने के लिए भाजपा सरकार जरूरी है) के नारों के बीच, रोड शो बी के पाल एवेन्यू से शुरू हुआ और शोभा बाजार होते हुए खन्ना क्रॉसिंग पर समाप्त हुआ। दो किमी दूरी तय करने वाले रोडशो में सड़क के दोनों ओर समर्थकों की भीड़ नजर आई। मोदी ने ठाकुरनगर में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मतुआ समुदाय के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी और कोलकाता के ऐतिहासिक ठनठनिया काली मंदिर में पूजा-अर्चना की।

नदिया में बोले शाह

### 'गुंडा राज' और 'सिंडिकेट राज' का अंत करेगी भाजपा

कोलकाता (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है तो वह राज्य में "गुंडा राज" और "सिंडिकेट राज" का अंत करेगी। नदिया जिले के तेहट्टा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में ही मतदाताओं ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार का सफाया कर दिया है। भाजपा ने पहले चरण के चुनाव में 110 सीटें जीत ली हैं।'

### तृणमूल को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए लोगों में उत्साहः नड्डा

कोलकाता। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को पश्चिम बंगाल में 'महाजंगल राज' होने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में तृणमूल सरकार को हटाने के लिए लोगों में 'जबरदस्त उत्साह' है। भातर में एक रोड शो के दौरान नड्डा ने कहा कि आपको ममता दीदी की सरकार को उखाड़ फेंकने और भाजपा को सत्ता में लाने के लिए लोगों के बीच उत्साह, उमंग और इच्छा नजर आ सकती है।

निर्वाचन आयोग की कार्रवाई

## वोटरों को डराने-धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद जांच के आदेश



कोलकाता (भाषा)। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के चुनाव से पहले डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में बाइक पर सवार कुछ लोगों द्वारा स्थानीय लोगों को धमकाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद निर्वाचन आयोग ने रविवार को जांच के आदेश दिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मामला सामने आते ही निर्वाचन आयोग ने डायमंड हार्बर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया, "निर्वाचन आयोग इन मामलों को रोकने के लिए कदम उठा रहा है। राज्य में 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार सोमवार शाम को समाप्त हो जाएगा।

### बंगाल में टीएमसी का गुंडा राज चल रहाः राहुल



बंगाल में एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई है। कांग्रेस ने इसका आरोप टीएमसी से जुड़े बदमाशों पर लगाया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे को लेकर टीएमसी पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या टीएमसी के गुंडों ने की है। उन्होंने हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। राहुल ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की चुनाव बाद टीएमसी से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है।

## आप ने सात सांसदों की सदस्यता समाप्त करने का अनुरोध रास सभापति से किया

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

■ संजय सिंह ने सभापति सीपी राधाकृष्णन को एक पत्र भेजा



आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने रविवार को राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन को एक पत्र भेजकर उच्च सदन के उन सात सांसदों को अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया है, जिन्होंने हाल ही में 'आप' छोड़कर भाजपा में विलय की घोषणा की है। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्यसभा के सात सदस्यों द्वारा उठाया गया कदम दल-बदल के समान है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पार्टी इस मामले में कानूनी कदम उठाएगी। 'आप' ने पार्टी छोड़ने वाले सात सांसदों की सदस्यता समाप्त करने का अनुरोध राज्यसभा सभापति से किया है और दावा किया है कि वे (सांसद) आप की टिकट पर उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए थे लेकिन बाद में उन्होंने पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने का फैसला किया।

### अशोक खरात को नौ तक न्यायिक हिरासत में भेजा

नासिक (भाषा)। महाराष्ट्र में नासिक की एक स्थानीय अदालत ने स्वयंभू 'बाबा' अशोक खरात को यौन शोषण के छठे मामले में रविवार को नौ मई तक न्यायिक हिरासत में भेज



दिया। खरात को 18 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। उसपर कई महिलाओं का यौन शोषण और 'दैवीय शक्तियों' तथा काला जादू का ज्ञान होने का दावा कर बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। छठे मामले में खरात पर एक युवती का यौन शोषण करने का आरोप है।

### गुजरात निकाय चुनाव में 50 फीसदी से कम वोटिंग

अहमदाबाद (भाषा)। गुजरात में विभिन्न स्थानीय निकायों के लिए मतदान संपन्न हो गया, 15 नगर निगमों में 50 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के अनुसार नगर निगमों में जहां 48.73 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लिया। एसईसी की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वडोदरा, सूरत और अहमदाबाद में क्रमशः 47.26, 52.83 और 45.59 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान शाम छह बजे समाप्त हो गया और एसईसी द्वारा साझा किए गए आंकड़ें अस्थाई है।

## बुलंदशहरः बर्थडे पार्टी में केक लगाने पर विवाद, तीन युवकों की गोली मारकर हत्या

बुलंदशहर (उप्र) (भाषा)। बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में बर्थडे पार्टी में दोस्तों के बीच चेहरे पर केक लगाने पर हुई कहासुनी में तीन युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अंतरिक्ष जैन ने बताया कि मृतकों की पहचान अमरदीप (30), मनीष (28) और आकाश (18) के रूप में हुई है। पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने बताया कि शनिवार रात थाना खुर्जा नगर क्षेत्र में



अमरदीप, मनीष और आकाश एक जिम में थे, वहां जीतू नामक युवक का जन्मदिन मनाया जा रहा था। इसी दौरान मामूली कहासुनी देखते ही देखते यह बहस बढ़ती चली गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया।

मन की बात कार्यक्रम में बोले-प्रधानमंत्री

## भारत के विकास के लिए सौर व पवन ऊर्जा बहुत जरूरीः मोदी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली


■ भारतीय चीज की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ी, डेरी क्षेत्र में हो रहा बड़ा बदलाव



पवन ऊर्जा पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत के विकास के लिए सौर और पवन ऊर्जा जरूरी है। ये सिर्फ पर्यावरण की बात नहीं है, ये हमारे भविष्य की सुरक्षा है। इसमें हम सबकी भूमिका है। हमें बिजली बचानी है, हमें स्वच्छ ऊर्जा, क्लीन एनर्जी अपनानी है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में मोदी ने कहा कि भारत का स्वाद अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों की थाली तक पहुंच रहा है और भारतीय पारंपरिक स्वादों को नई पहचान देने में डेरी क्षेत्र की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारत के दो चीज ब्रांड को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि की सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा हुई और कई लोगों ने भारत में उपलब्ध चीज की विविधता पर भी ध्यान देने की बात कही। मोदी ने डेरी उत्पादों का उदाहरण देते हुए जम्मू-कश्मीर के 'कलारी' चीज की सराहना की, जिसे 'कश्मीर का मोजेरेला' भी कहा जाता है।

### 32 भाषाओं और 29 बोलियों में मन की बात कार्यक्रम

यह 'मन की बात' कार्यक्रम का 133वां एपिसोड रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम 32 भाषाओं और 29 बोलियों में प्रसारित किया जाता है। इसे सुनने के लिए सुबह से ही लोग रेडियो के पास बैठकर सुनते हैं।



## चिंतन

# दुनिया को भारी पड़ रही दबाव की राजनीति

अमेरिका-ईरान वार्ता में अब दोनों देश दबाव की राजनीति पर उतर आए हैं। अमेरिका जहां होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी कर दबाव बनाना चाहता है, वहीं ईरान होर्मुज को रोककर दुनिया पर दबाव बना रहा है। इससे तेल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। यही बढ़ोतरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दबाव में लाती है। यह बात ईरान भी समझ गया है कि इससे खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी देशों पर भी दबाव पड़ता है, जिसका असर ट्रंप पर भी दिखाई देता है। दोनों देश यह खेल अपनी-अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए खेल रहे हैं। इसलिए यहां कूटनीति के बजाय दबाव की राजनीति हावी होती दिख रही है। संवाद की जगह रणनीतिक दबाव ने ले ली है। नतीजा यह है कि तनाव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी कीमत चुका रही है। ईरान अमेरिका की शर्तों को पहले ही नकार चुका है। उसने शनिवार को पाकिस्तान में उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अपनी नई मांगों का लंबा- चौड़ा पर्चा थमा दिया। इसके बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का पाक दौरा रद्द हो गया और वार्ता का यह दौर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया। ईरान यह बात पूरी तरह से समझ गया है कि ट्रंप अब खाड़ी युद्ध से निकलने का बहाना ढूंढ रहे हैं। इसमें ईरान से ऐसा आश्वासन चाहते हैं कि वह कह सकें कि वे जीत गए हैं। ईरान भी कुछ इस तरह का ही आश्वासन चाहता कि वह भी कह सके कि हम भी जीत गए हैं। अमेरिका की रणनीति भी कम आक्रामक नहीं है। वह दबाव बनाकर 'अनुकूल समझौता' चाहता है, ऐसा समझौता जिसे घरेलू राजनीति में जीत के तौर पर पेश किया जा सके, लेकिन यही वह बिंदु है, जहां कूटनीति कमजोर पड़ जाती है। जब वार्ता का उद्देश्य समाधान के बजाय 'जीत का नैरेटिव' बन जाता है तो समझौते की संभावनाएं स्वतः सीमित हो जाती हैं। असल समस्या यह है कि दोनों पक्ष "झुकने" को कमजोरी मान रहे हैं, जबकि कूटनीति में यही झुकाव समाधान का रास्ता खोलता है। इतिहास गवाह है कि बड़े से बड़े संकट भी तब सुलझे हैं, जब पक्षों ने अपने अहंकार को पीछे छोड़कर व्यावहारिकता को अपनाया है। मौजूदा हालात में न तो अमेरिका पीछे हटने को तैयार दिखता है और न ही ईरान। यह गतिरोध केवल क्षेत्रीय संकट नहीं है। इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है। अगर यह टकराव और बढ़ता है तो इसके परिणाम और गंभीर हो सकते हैं। एक क्षेत्रीय विवाद वैश्विक संकट में तब्दील हो सकता है, जिसकी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संवाद के रास्ते बंद होते जा रहे हैं। जब वार्ता शुरू होने से पहले ही रद्द हो जाए, तो यह संकेत है कि विश्वास का संकट गहरा चुका है। ऐसे माहौल में छोटी-सी चिंगारी भी बड़े टकराव का रूप ले सकती है। ऐसे में यह गतिरोध कब टूटेगा, यह कहना बेहद मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका समेत दुनिया के लोग इस अहम के टकराव का नतीजा भुगत रहे हैं। दबाव की राजनीति अल्पकालिक जीत तो दिला सकती है, लेकिन स्थायी शांति नहीं। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि शक्ति प्रदर्शन से ज्यादा प्रभावी है संतुलित और सम्मानजनक संवाद। दुनिया आज जिस अस्थिरता से गुजर रही है, उसमें टकराव नहीं, बल्कि समाधान की जरूरत है। अगर समय रहते यह समझ नहीं आई, तो यह 'दबाव का खेल' पूरी दुनिया पर भारी पड़ता रहेगा।

# ज्यादा मतदान होने के किंतु-परंतु



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

> बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों– असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

अकसर कम मतदान प्रतिशत पर चिंता जतायी जाती है, लेकिन इस बार असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत ने राजनीतिक दलों- उम्मीदवारों की धुकधुकी और चुनावी पंडितों का काम बढ़ा दिया है। बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों- असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

मसलन, 23 अप्रैल को ही तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के लिए हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा। नौ अप्रैल को असम में हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा तो पुडुचेरी में 89 प्रतिशत से भी ज्यादा ऐतिहासिक मतदान हुआ। केरल ने भी 78 प्रतिशत से ज्यादा मतदान से 39 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। निश्चय ही उच्च मतदान प्रतिशत लोकतंत्र के लिए सकारात्मक है, लेकिन राजनीतिक दलों के लिए इसके परिणाम विरोधाभासी रहे हैं। चुनावी राजनीति में अंतिम क्षणों तक हार नहीं मानी जाती। सो, सत्ता के सभी दावेदार उच्च मतदान प्रतिशत की मन मुताबिक व्याख्या करते हुए उसे अपने अनुकूल बता रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के मुख्य चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने तो परिवर्तन की लहर बताते हुए 152 में से ही 110 सीटें जीतने की भविष्यवाणी भी कर दी है। दरअसल मतदान प्रतिशत की परंपरागत सरल व्याख्या यही की जाती रही है कि कम मतदान का अर्थ है कि मतदाता उदासीन हैं। यह भी कि वे वर्तमान सरकार के कामकाज से संतुष्ट हैं या उन्हें किसी से बेहतरी की उम्मीद नहीं, इसलिए किसी बदलाव की व्याकुलता उनमें नहीं है। इसी सोच से ज्यादा मतदान प्रतिशत का अर्थ यह निकाल लिया जाता है कि सत्ता विरोधी भावना तीव्र है और वर्तमान सरकार से असंतुष्ट मतदाता बदलाव के लिए व्याकुल हैं। बेशक मतदान प्रतिशत की यह व्याख्या मानवीय स्वभाव का सहज-सरल विश्लेषण करती है, लेकिन तमाम चुनावों में मतदान प्रतिशत में कमी या वद्धि के बाद आये परिणाम इसकी पूर्णतः पुष्टि नहीं करते। आम तौर पर मान लिया जाता है कि मतदान में तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि से सरकार बदल जाती है, लेकिन फिलहाल देश-दुनिया की निगाहों का केंद्र बने पश्चिम बंगाल में भी कम-ज्यादा मतदान के मिश्रित परिणाम सामने आते रहे हैं। मसलन, आपातकाल के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आक्रोश के बावजूद 1977 में पश्चिम बंगाल में मतदान का प्रतिशत 52 ही रहा, पर कांग्रेस सत्ता से विदा हो गई।

वाम मोर्चा ने लगभग साढ़े तीन दशक तक बंगाल



पर निष्कंटक राज किया, पर 2011 के विधानसभा चुनाव में जब ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने उससे सत्ता छीनी, तब मतदान का प्रतिशत 84 के पार चला गया। ममता के दो मुख्यमंत्रित्व काल के बाद जब 2021 के चुनाव में मतदान प्रतिशत 82 रहा तो चुनावी पंडितों ने उसे सत्ता विरोधी भावना का संकेत माना, लेकिन 200 सीटें जीतने का दावा करने वाली भाजपा 77 पर ही अटक गई। नीतीश कुमार के जद यू ने भाजपा का साथ छोड़ कर 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव लालू यादव के राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन में लड़ा था, लेकिन मात्र 57 प्रतिशत मतदान के बावजूद जबर्दस्त जीत हासिल की। एसआईआर विवाद के बीच हुए 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 67 तक पहुंच गया, लेकिन पाला बदल कर फिर राजग में आ चुके नीतीश की सत्ता बरकरार रही। हां, पिछली बार सबसे बड़ा दल बना राजद आश्चर्यजनक रूप से 25 सीटों पर सिमट गया। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनाव में 61 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ तो सपा को सत्ता से बेदखल कर अरसे बाद प्रचंड बहुमत से भाजपा ने सत्ता में वापसी की। इसी तरह 2018 के विधानसभा चुनाव में जब त्रिपुरा में मतदान का प्रतिशत 89 पार पहुंचा तो वाम सत्ता को उखाड़ कर भाजपा सत्तासीन हो गई। कम-ज्यादा मतदान प्रतिशत के चुनावी परिणामों के मामले में अन्य राज्यों के अनुभव भी मिले-जुले रहे हैं। इसलिए मतदान प्रतिशत के आधार पर कोई एक धारण बना लेना तर्कसम्मत नजर नहीं आता, क्योंकि उसमें कई कारक प्रभावी रहते हैं। इसीलिए चुनाव आयोग से अपेक्षा रहती है कि वह मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान की तारीखें तय करे और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध भी करे। बेशक पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत में अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों की भी भूमिका रही होगी। लगातार तीन कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी भावना को भी पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता, लेकिन अन्य कारणों को नजरअंदाज करना भी समझदारी नहीं होगी। बिहार से शुरू एसआईआर विवाद से बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार ही नहीं, अपनी नागरिकता पर भी तलवार लटकी नजर आ रही है। रोजी-रोटी की तलाश में पलायन को मजबूर प्रवासी इसीलिए बड़ी संख्या में जैसे-तैसे इस बार मतदान के लिए अपनी घर वापसी की कवायद करते दिखे। नागरिकता पर संकट तो जीवन के लिए ही महासंकट है। मताधिकार से वंचित और मतदान में अनुपस्थित होने पर, तमाम राज्य सरकारों द्वारा जन कल्याण के नाम पर शुरू नकदी तथा मुफ्त योजनाओं के लाभार्थियों की सूची से भी नाम कट जाने का खतरा है। इनमें भी महिला केंद्रित योजनाएं ज्यादा हैं, जिनका परिणाम महिलाओं की मतदान में लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के रूप में सामने आ रहा है।

जब प्रवासी महिलाएं मतदान के लिए अपने घर लौटती हैं तो परिवार के पुरुष सदस्य भी लौटेंगे ही और जब लौटेंगे तो मतदान भी करेंगे। वैसे मतदान के प्रतिशत में उछाल का एक और तार्किक कारण एसआईआर में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कट जाना भी हो सकता है। काटे गये नामों की संख्या और कारणों पर विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचे हैं। प्रभावित वर्गों में एसआईआर प्रक्रिया के विरुद्ध गोलबंदी भी उच्च मतदान प्रतिशत का कारण हो सकती है। बेशक नाम कटने से मतदाताओं की संख्या घटी है, पर अगर नाम काटे गए मतदाताओं में से बहुत सारे वास्तव में हैं ही नहीं, तो पिछली बार जितने ही मतदाताओं द्वारा मतदान करने पर भी मतदान का प्रतिशत अपने आप बढ़ जाएगा।

( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# भारत से खाद्यान्न निर्यात होने का नया परिदृश्य

हाल ही में केंद्र सरकार ने गेहूं निर्यात को 25 लाख टन से बढ़ाकर 50 लाख टन किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की भी अनुमति दी है। इससे जहां वैश्विक खाद्य संकट के बीच गेहूं की वैश्विक आपूर्ति में मदद मिलेगी, वहीं घरेलू बाजार में स्थिरता बनाए रखने और किसानों को लाभकारी मूल्य मिलना भी सुनिश्चित हो सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 24 अप्रैल को केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए वर्ष 2026-27 का लक्ष्य 15 प्रतिशत बढ़ाकर 3.45 करोड़ टन कर दिया है, जो अब तक का गेहूं खरीद का रिकॉर्ड स्तर है। इससे गेहूं उत्पादक किसान अत्यधिक लाभांवित होंगे। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में संघर्ष से दुनियाभर में खाद्य संकट बढ़ गया है। चूंकि इस युद्ध के कारण उर्वरकों की भारी कमी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नुकसान पहुंचा है, उसे ठीक होने में महीनों लग सकते हैं, अतएव दुनिया में खाद्यान्न के दाम ऊंचे बने रहने के साथ खाद्य सुरक्षा के लिए संकट बना रहने का खतरा है। हाल ही में प्रकाशित वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के मुताबिक इस समय दुनिया में 31.9 करोड़ लोग भूख से पीड़ित है। अब पश्चिम एशिया दुनिया के लाखों अतिरिक्त लोग भूखमरी का शिकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसी भयावह वैश्विक भूख की चुनौती के बीच भारत खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में अनुकूल स्थिति में है और दुनिया को भूख की चुनौती से राहत दिलाने के मद्देनजर खाद्यान्न निर्यात के लिए तत्पर है। यह कोई छोटी बात नही है कि इस समय भारत की मुठ्ठी में 31 मार्च 2026 तक 6.02 करोड़ टन गेहूं और चावल का रिकार्ड सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) भारत की आर्थिक ताकत बन गया है। इस रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से भारत एक साल तक की अपनी खाद्यान्न की जरूरत को सरलतापूर्वक पूरा कर सकता है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक इस बार खाद्यान्न उत्पादन का परिदृश्य ऐतिहासिक स्तर पर है। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस बार 3.2 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी गई है। देश की थाली के सबसे अहम हिस्से यानी चावल और गेहूं के मोर्चे पर भी भारत ने अपनी जोरदार बढ़त कायम रखी है। दालों के उत्पादन में भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़त इस बार उभरकर दिखाई दे रही है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध विराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे। हाल ही में दुनिया के कृषि विशेषज्ञ और ब्राजील पोटाश के सीईओ मेट सिंपसन ने कहा कि दुनिया में लगातार खाद्य संकट बढ़ता जा रहा है। उर्वरक की कमी के कारण यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कृषि उत्पादों की बुआई पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में कई देशों के लिए खाद्यान्न का बड़े पैमाने पर आयात जरूरी होता जा रहा है। कोरोनाकाल में भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया था। अब एक बार फिर जब दुनिया में खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को तेजी से कारगर क्रियान्वयन की डगर पर आगे बढ़ाया जाए। उम्मीद करें कि खाद्यान्न संकट की वैश्विक चिताओं के बीच भारत रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से देश के आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुनिया में खाद्यान्न निर्यात में अहम योगदान देने वाले प्रमुख कृषि निर्यातक देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

( लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
**दर्शन**

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

# तुलसीदास ने दिया ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
**प्रेरणा**

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए ।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मतदान प्रतिशत बढ़ने के मायने**

लोकतंत्र को मजबूत करने में सबसे बड़ा योगदान होता है मतदाता का। जितना ज्यादा मतदान होगा लोकतंत्र उतना मजबूत होगा और लोकतंत्र की व्याधियां दूर होंगी, लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता राजनीतिक तौर पर जागरूक होकर मतदान करें। हाल ही में बंगाल–तमिलनाडु में बंपर मतदान इस बार के विधानसभा चुनाव में हुआ, और बताया जा रहा है कि वहां आजादी के बाद यह सबसे ज्यादा मतदान का आंकड़ा है। बंगाल में लगभग 92 और तमिलनाडु में लगभग 84 प्रतिशत से ऊपर का मतदान हुआ है। इस भारी मतदान से सभी राजनीतिक दल यह अंदाजा लगा रहे हैं कि यह मतदान हमारे पक्ष में हुआ है, लेकिन लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट बैठ जाए, कोई पता नहीं। परिणाम आना अभी शेष है।

*– सरिता कुमारी, झज्जर*

## करंट अफेयर

# संरा महासचिव के उम्मीदवारों से कई मुद्दों पर सवाल-जवाब


संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने की दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों ने इस सप्ताह दुनिया में शांति बहाल करने, बढ़ती गरीबी रोकने और वैश्विक संकटों से निपटने जैसे मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने इसे नौकरी के लिए दुनिया के सबसे कठिन साक्षात्कारों में से एक बताया। इन उम्मीदवारों में चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत, अर्जेंटीना के राफेल ग्रोसी, कोस्टा रिका की रेबेका ग्रिन्सपैन और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल शामिल हैं। इसके अलावा, अन्य उम्मीदवार भी बाद में इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कार्यकाल एक जनवरी को समाप्त होगा। चारों उम्मीदवारों ने कहा कि वे संयुक्त राष्ट्र के तीन मुख्य स्तंभों शांति, विकास और मानवाधिकार को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने ईरान, गाजा, यूक्रेन और सूडान जैसे संकटग्रस्त क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र की सीमित भूमिका पर चिंता जताई और संस्था में सुधार की जरूरत बताई। मिशेल बाचेलेत (74) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को संकट आने से पहले उन्हें रोकने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने संवाद, एकजुटता और सक्रिय नेतृत्व पर जोर दिया।



## ऑफ बीट

# 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी

दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग वास्तव में हाई–इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10–20–30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। "फार्टलेक" स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले'' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच–बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है। इंटरवल रनिंग हृदय संबंधी सेहत, मेटाबॉलिक स्वास्थ्य और शारीरिक संरचना (वसा की मात्रा और वितरण) में बेहतर सुधार लाती है।



## ट्रेंड

### टीएमसी की हार तय

बनगाँव में हुई विशाल रैली से यह स्पष्ट और निर्णायक संकेत मिलता है कि टीएमसी की हार निश्चित है। पश्चिम बंगाल भर में भ्रष्टाचार, कुशासन और टूटे वादों को लेकर लोगों का गुस्सा चरम पर है।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



### रघु राय को श्रद्धांजलि

रघु राय के लेंस ने छह दशकों से अधिक समय तक भारत की आत्मा को अपने कैमरे में कैद किया। उन्होंने सिर्फ तस्वीरें नहीं खींचीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की स्मृति को संजोकर रखा। उनके परिवार, सहयोगियों और उनकी कला से प्रभावित अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस



### सामूहिक जिम्मेदारी

भीषण गर्मी का सबसे भयावह असर हमारे श्रमिक भाइयों और बहनों पर पड़ रहा है। यदि आपके घर या आसपास कोई श्रमिक काम कर रहा है, तो उनके लिए पानी और ठंडक की उचित व्यवस्था करें। इनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### हमारा वास्तविक भविष्य

हमारी फसलों का स्वास्थ्य ही हमारा वास्तविक भविष्य है। यदि फसल सुरक्षित और फलदायी होगी तो किसानों और राष्ट्र का भविष्य भी समृद्ध होगा। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के साथ, बेहतर भविष्य की ओर एक कदम।

**- अक्षय कुमार,** बॉलीवुड एक्टर



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 0 | 13 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

# हार से आहत दिल्ली की आरसीबी से टक्कर, होगी असली परीक्षा


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाने के बावजूद हार से आहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम को अगर सोमवार को आईपीएल के मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की संतुलित टीम के खिलाफ वापसी करनी है तो उसे अपने पिछले प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। पंजाब किंग्स ने रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके 6 विकेट से जीत दर्ज की, जिससे दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुरी तरह से हिल गई है। इस मैच में उसके गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। दिल्ली की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अब उसका मुकाबला आरसीबी जैसी एक और मजबूत टीम से है, जो 7 मैच में 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

## आज शाम 7.30 से कोहली और राहुल आमने-सामने

### अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे डीसी के गेंदबाज

दिल्ली ने अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसके गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। केएल राहुल की अगुवाई वाले उनके शीर्ष क्रम ने लगातार तेज शुरुआत दी है, जबकि नीतीश राणा और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों ने बीच ओवरों में लय बनाए रखने में मदद की है। उसके गेंदबाज हालांकि अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पा रहे हैं। विशेषकर डेथ ओवरों में उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। ऐसे में अगर उसको अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज आकिब नबी, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और कप्तान अक्षर पटेल को विशेष रूप से महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



### कोहली की अगुवाई में बल्लेबाजी इकाई मजबूत

दूसरी तरफ आरसीबी की टीम काफी संतुलित नजर आ रही है। विराट कोहली की अगुवाई में उनकी बल्लेबाजी इकाई मजबूत नजर आती है। देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म ने उसे और मजबूती प्रदान की है। उसके मध्य क्रम के बल्लेबाजों ने भी मैच का सकारात्मक अंत करने में अधिक स्पष्ट भूमिका निभाई है। लेकिन आरसीबी केवल बल्लेबाजी में ही खतरनाक नहीं है। उसके गेंदबाजों ने भी महत्वपूर्ण अवसरों पर विशेष कर अंतिम ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। दिल्ली के बल्लेबाजों को उनसे सतर्क रहने की जरूरत होगी।

### दिल्ली के गेंदबाजों पर निगाहें

आरसीबी के गेंदबाजों के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन अहम साबित होगा। इसके अलावा बीच के ओवरों में उसके बल्लेबाजों और आरसीबी के स्पिन गेंदबाजों के बीच मुकाबला मैच के परिणाम का फैसला कर सकता है। आखिरी ओवरों में सारी निगाहें दिल्ली के गेंदबाजों पर टिकी होंगी, जिन पर पंजाब के खिलाफ मिली करारी हार के बाद खुद को साबित करने का दबाव होगा।

### आरसीबी करेगी मैच का रुख मोड़ने की कोशिश

वहीं आरसीबी के अनुभवी गेंदबाज मैच का रुख मोड़ने की कोशिश करेंगे। अब टूर्नामेंट निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में यह मुकाबला दो अंकों से भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। यह दिल्ली के धैर्य की परीक्षा है और बेंगलुरु के लिए अपनी श्रेष्ठता साबित करने का अवसर है।

**मैच का समय : रात 7:30 बजे**

## जीटी ने सीएसके को 8 विकेट से हराया, सुदर्शन ने खेली 87 रन की शानदार पारी

# 158 रन पर चेन्नई अपने घर में ढेर सुदर्शन ने गुजरात को दिलाई चौथी जीत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

गुजरात टाइटन्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (87 रन) के अपने घरेलू मैदान पर लगाए गए अर्धशतक की मदद से रविवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 8 विकेट से शिकस्त दी। गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों के दबदबे के बावजूद सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद 74 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की, जिससे बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम 7 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटन्स के लिए कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर 3 विकेट चटकाए जबकि अरशद खान को 43 रन देकर 2 विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार को एक-एक विकेट मिला। सलामी बल्लेबाज सुदर्शन (46 गेंद, चार चौके, सात छक्के) और जोस बटलर (नाबाद 39 रन) की पारियों से गुजरात टाइटन्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर जीत हासिल की। सुदर्शन 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुए और चौथी गेंद पर बटलर ने छक्का जड़कर टीम को आसान जीत दिलाई।

### सैमसन के सबसे तेज 5 हजार रन पूरे रैना, राहुल, धोनी को पीछे छोड़ा

संजू सैमसन अब आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्हें इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 3555 गेंदें लगीं। जबकि सुरेश रैना को इसके लिए 3620 गेंद लगी थी, वहीं केएल राहुल को 3688 और महेंद्र सिंह धोनी को 3691 गेंद लगीं। संजू के नाम अब 185 आईपीएल मैचों की 180 पारियों में 5008 रन है। इस दौरान उनका औसत 31.69 का है, जबकि स्ट्राइक रेट 140.59 का। आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं। उन्होंने 3288 गेंदों में यह कारनामा किया था, जबकि डेविड वॉर्नर ने 3554 गेंदों में ऐसा किया था। अगर संजू दो गेंद पहले इस आंकड़े को हासिल करते तो वह आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रनों के आंकड़े तक पहुंचने के मामले में दूसरे स्थान पर आ जाते।



### गायकवाड़ के नाम दर्ज हुआ 'अनचाहा रिकॉर्ड'

सीएसके के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने जीटी के विरुद्ध 60 गेंदों में 74 रन की नाबाद पारी खेली। हालांकि, यह आईपीएल के इतिहास में सीएसके की तरफ से किसी बल्लेबाज की चौथी सबसे धीमी फिफ्टी रही। इस अनचाही फेहरिस्त में पार्थिव पटेल शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2010 में पंजाब किंग्स के विरुद्ध 53 गेंदों में पचासा पूरा किया था। साल 2009 में मैथ्यू हेडन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 गेंदों में यह कारनामा किया था। इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर मौजूद मुरली विजय ने साल 2013 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 50 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। इस सूची में ऋतुराज गायकवाड़ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जिन्होंने 49 गेंदों में यह कारनामा किया। साल 2013 में मुरली विजय ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 49 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था।

### जीटी की अच्छी शुरूआत

सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल (33 रन, 23 गेंद, एक चौका, तीन छक्के) ने अच्छी शुरूआत की। गिल के आउट होने के बाद सुदर्शन और बटलर (30 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने मिलकर टीम को जीत तक पहुंचाया। पिछले मैच में सुदर्शन के शतक जड़ने के बावजूद गुजरात टाइटन्स को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब स्कोर इतना बड़ा नहीं था, जिससे गुजरात टाइटन्स ने लगातार दो हार के बाद जीत दर्ज की। इस जीत से उसके आठ मैच में आठ अंक हो गए हैं, जिससे वह पांचवें स्थान पर पहुंच गई।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का बटलर बो रबाडा | 11 | 15 | 2 | 0 |
| गायकवाड़ नाबाद | 74 | 60 | 6 | 4 |
| उर्विल का होल्डर बो रबाडा | 04 | 3 | 1 | 0 |
| सरफराज का बटलर बो सिराज | 00 | 1 | 0 | 0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का गिल बो सुथार | 02 | 9 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे बो अरशद | 22 | 17 | 3 | 1 |
| कार्तिक का होल्डर बो रबाडा | 15 | 9 | 3 | 0 |
| ओवरटन का शाहरुख बो अरशद | 18 | 6 | 3 | 1 |
| अकील हुसैन नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन
गेंदबाजी : सिराज 4-0-23-1, रबाडा 4-0-25-3, सुथार 3-0-22-1, होल्डर 4-0-22-0, अरशद 4-0-43-2, राशिद 1-0-21-0,

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का ब्रेविस बो हुसैन | 87 | 46 | 4 | 7 |
| गिल स्टं सैमसन बो नूर | 33 | 1 | | 3 |
| जोस बटलर नाबाद | 39 | 30 | 4 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 02, कुल : 16.4 ओवर में 2 विकेट पर 162 रन
गेंदबाजी : अकील हुसैन 3.4-0-46-1 , अंशुल कंबोज 3-0-16-0, जेमी ओवरटन 2-0-28-0, गुरजपनीत 3-0-36-0, नूर अहमद 4-0-29-1, शिवम दुबे 1-0-7-0

### रिंकू ने 83 रन बनाने के साथ 5 कैच लपके

## नाइट राइडर्स ने सुपर ओवर में सुपर जाइंट्स को हराया



**लखनऊ।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिंकू सिंह के तूफानी अर्धशतक और वैभव अरोड़ा की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बावजूद सुपर ओवर में खिंचे इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को हरा दिया। सुपर ओवर में नाइट राइडर्स के सुनील नारायण ने पहली ही गेंद पर निकोलस पूरन को बोल्ड किया। अगली गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत ने एक रन बनाया लेकिन तीसरी गेंद पर एडेन मारक्रम को रिंकू ने लपक लिया। नाइट राइडर्स को दो रन का लक्ष्य मिला और रिंकू ने प्रिंस यादव की पहली गेंद पर चौके के साथ टीम को जीत दिला दी। लगातार दूसरी जीत के साथ नाइट राइडर्स की टीम पांच अंक के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गई जबकि सुपर जाइंट्स की टीम चार अंक के साथ 10वें और अंतिम स्थान पर खिसक गई। लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम ने 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान ऋषभ पंत (42) और सलामी बल्लेबाज एडेन मारक्रम (31) की उम्दा पारियों से आठ विकेट पर 155 रन बनाए जिससे मैच सुपर ओवर में खिंचा। नाइट राइडर्स की ओर से अरोड़ा (24 रन पर दो विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (33 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। रिंकू (नाबाद 83, 51 गेंद, पांच छक्कों और सात चौके ) के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और उनकी कैमरन ग्रीन (34) के साथ पांचवें विकेट के लिए 42 तथा सुनील नारायण (नाबाद 04) के साथ आठवें विकेट के लिए 30 गेंद में 62 रन की अटूट साझेदारी से नाइट राइडर्स ने सात विकेट पर 155 बनाए।

- आखिरी गेंद पर मोहम्मद शमी ने छक्का लगाकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया
- लखनऊ आईपीएल सीजन में छठी हार के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर

## खबर संक्षेप

### अल-अहली ने रखा एलीट का खिताब बरकरार

**जेद्दा।** सऊदी अरब के क्लब अल-अहली ने पहली बार फाइनल में खेल रहे जापान के क्लब माचिदा ज़ेलविया को 1-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने खिताब सफलतापूर्वक बचाव किया। जेद्दा में 60,000 दर्शकों की मौजूदगी में सऊदी अरब के अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर फिरास अल बुरिकन के अतिरिक्त समय में किए गए गोल से मैच का फैसला हुआ। अल-अहली की टीम लगभग एक घंटे तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेली, लेकिन माचिदा इसका फायदा नही उठा पाया। खेल के 68वें मिनट में ही अल-अहली की टीम 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई। तब रेफरी ने जकारिया हवसावी को लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया था।

### सूर्यवंशी मेरे पसंदीदा बल्लेबाज : कमिंस

**जयपुर।** वैभव सूर्यवंशी को अपनी शानदार बल्लेबाजी के कारण एक नया प्रशंसक मिल गया है और यह कोई और नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं, जो इस 15 वर्षीय खिलाड़ी के बल्लेबाजी के तरीके से बेहद प्रभावित हैं। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलने वाले युवा बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस ने कहा, ' हां, मुझे लगता है कि वह मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद पर जोर से प्रहार करता है। उसे खेलते हुए देखने में मजा आता है।'



## उन्नति की रोमांचक जीत तन्वी ने की बढ़त दोगुनी



**होर्सेंस।** भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21-19, 22-20 की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। पीवी सिंधु को एकल में आराम दिया था, जिससे देविका सिहाग को तीसरे एकल में मौका मिला और इस युवा खिलाड़ी ने मारिया स्टोलियारेन्को को 23-21, 21-13 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

## कोर्ट में बिगड़ी इगा की तबीयत अब नहीं खेलेंगी मैड्रिड ओपन

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

इगा स्वियातेक अमेरिकी खिलाड़ी एनली के खिलाफ एक अज्ञात बीमारी के कारण मैच के बीच से हटने से मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब ली 7-6 (4), 2-6, 3-0 से आगे चल रही थी। मैड्रिड में 2024 की चैंपियन स्वियातेक ने निर्णायक सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया। वह कोर्ट पर लौटीं, लेकिन ली ने अपनी सर्विस बरकरार रखी, जिसके बाद उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ने गुरुवार को अपने दूसरे दौर के पहले मैच में डारिया स्निगुर को सीधे सेटों में हराया था। इस तरह से विश्व में 34वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली ने शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपने कॅरियर की दूसरी जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला लेयला फर्नांडीज से होगा।



## क्विजेरा और फ्लोरेंस ने जीती रेस

**बेंगलुरु।** बुरुंडी के रोड्रिग क्विजेरा ने रविवार को टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) बेंगलुरु में रिकॉर्ड तोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय एलीट पुरुषों की रेस जीती जबकि रवांडा की फ्लोरेंस नियोनकुरु ने महिलाओं की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस के लिए हजारों धावक सड़कों पर उतरे। छब्बीस साल के क्विजेरा ने 27 मिनट 31 सेकंड का समय निकालकर पिछले कोर्स रिकॉर्ड 27:38 को बेहतर बनाया, जो कीनिया के निकोलस किपकोरिर ने 2022 में बनाया था। विश्व 10के बेंगलुरु में यह क्विजेरा का पहला खिताब था। तीन साल पहले वह 'फोटो फिनिश' में कीनिया के सेबेस्टियन सावे से मामूली अंतर से शीर्ष स्थान से चूक गए थे। क्विजेरा को 34,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली, जिसमें रिकॉर्ड बनाने पर 8,000 डॉलर का बोनस भी शामिल है।

**सार्वजनिक सूचना**
**अप मनी लिमिटेड के ऋणधारकों के लिए**
माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा
दिनांक 24.03.2026 को पारित आदेश के अनुसार
**एस.के. फाइनेंस लिमिटेड बनाम अप मनी लिमिटेड के प्रकरण में**
**( ओ.एम.पी.( आई ) कॉम. ) 494/2025 )**

(QR FOR COURT ORDER)

एतद्द्वारा अप मनी लिमिटेड ( ''अप मनी'' ) के ऋणधारकों को सुचित किया जाता है कि दिनांक 18.02.2025 के एक असाइनमेन्ट विलेख के अनुसार, ऋण खातों का एक निर्दिष्ट समूह ( नीचे क्रमांक 3 पर क्यूआर कोड देखे ), साथ ही उसमें निहित सभी अंतर्निहित प्राप्तियां, अधिकार और हित, एस.के. फाइनेंस लिमिटेड ( 'एस.के. फाइनेंस' ) के पक्ष में असाईन और हस्तांतरित कर दिये गये हैं और इससे संबन्धित सभी दायित्व / देनदारियां अब विशेष रूप से एस.के. फाइनेंस को देय हैं।

1. **न्यायालय के निर्देश**
   माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार :
   - इस बात की पुष्टि की गई है कि ऐसे सभी ऋण खाते और प्राप्त राशियां एस.के. फाइनेंस के पास निहित है,
   - अप मनी को किसी भी प्रकार के भुगतान की वसूली या उससे संबन्धित किसी भी संव्यहार को करने से प्रतिबन्धित किया गया है,
   - अप मनी के साथ किसी भी प्रकार का समझौता या पुरोबंध ( फोरक्लोजर ) निषिद्ध है।
2. **भुगतान सम्बंधित निर्देश**
   - अप मनी लिमिटेड या उसके एजेन्टों को किसी भी प्रकार का भुगतान न करें,
   - सभी भुगतान केवल एस.के. फाइनेंस लिमिटेड को एवं इसके अधिकृत एजेन्टों को ही किये जाने चाहिये
3. **आवंटित ऋणियों की सूची**
   ऋणियों व वाहन का विवरण देखने के लिए दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करें
   (QR FOR CUSTOMER DETAILS)
4. **भुगतान के लिए बैंक विवरण**
   - खाते का नाम : SK Finance Limited
   - बैंक का नाम : IDFC First Bank
   - खाता क्रमांक : 10043943496
   - आईएफएससी कोड : IDFB0040101

   नोट:- भुगतान करने के बाद कृपया नीचे दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर हमारी टीम के साथ भुगतान रसीद साझा करें। एस.के. फाइनेंस लिमिटेड कभी भी व्यक्तिगत खातों में भुगतान करने का अनुरोध नही करेगा।
5. **महत्वपूर्ण सलाह**
   - यदि आपने 01 अगस्त 2025 को या उसके बाद अप मनी लिमिटेड को कोई भुगतान किया है, या किसी भी प्रकार का समझौता या पुरोबंध ( फोरक्लोजर ) किया है, तो तुरंत प्रमाण के साथ एस.के. फाइनेंस से संपर्क करें।
   - ऋण खाते के विवरण में किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर, ऐसे विवरणों पर भरोसा न करें और सत्यापन के लिए एस.के. फाइनेंस से संपर्क करें।

**एस.के. फाइनेंस लिमिटेड**
पता : जी1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी, जयपुर, राजस्थान, 302001
ईमेल : customercare@skfin.in
हेल्पलाइन : 1800 1039 039
**जरिये,**
**सुशील डागा, अधिवक्ता**
**आर/2160/2011**

**उपलब्धि** — अब लक्ष्य एशियन गेम्स में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना

# एशिया रोइंग कप में हरियाणा की सुमन ढांडा ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के खिलाड़ियों का नाम आते ही जेहन में कुश्ती, बॉक्सिंग और कबड्डी की छवि उभरती है, लेकिन अब प्रदेश की बेटियां उन खेलों में भी तिरंगा फहरा रही हैं जिन्हें उत्तर भारत में कम ही जाना जाता है। जींद की होनहार खिलाड़ी सुमन ढांडा ने वियतनाम में आयोजित सीनियर एशियन रोइंग कप में कांस्य पदक जीता। सुमन की यह जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि हरियाणा में रोइंग के एक नए युग की शुरुआत भी है। सुमन ढांडा के इस सफर की कहानी बेहद प्रेरणादायक है। साल 2021 तक सुमन कुश्ती के अखाड़े में दांव-पेंच लड़ाती थीं, लेकिन किसी कारण कुश्ती छोड़नी पड़ी और रोइंग को चुना। जहां हरियाणा में युवाओं की पहली पसंद एथलेटिक्स या क्रिकेट होती है, वहीं सुमन ने दक्षिण भारत के दबदबे वाले खेल रोइंग में अपनी पहचान बनाने का संकल्प लिया। लगातार 5 वर्षों की कड़ी तपस्या और मेहनत के दम पर आज उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी है। हरियाणा की रोइंग टीम राष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए पर्याप्त सुविधाओं की दरकार है।


### भरोसे को मजबूत कर रहे खिलाड़ी : कोच

इस कामयाबी के पीछे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कोच चांद चहल का अटूट विश्वास है। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद अपने जिले जींद को रोइंग का केंद्र बनाने का सपना देखा। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने युवाओं को इस खेल के प्रति प्रेरित किया। आज कोच चांद चहल के सिखाए हुए खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर उनके भरोसे को मजबूत कर रहे हैं। सुमन के साथ-साथ किरण जैसी अन्य खिलाड़ी भी अब एशियन गेम्स की तैयारी में जुटी हुई हैं।




## ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्किन की अमेरिका को दो टूक

# दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल में आकर 'बातचीत' नहीं



एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने स्पष्ट किया है कि उनका देश दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल में किसी भी तरह की बातचीत नहीं करेगा। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान कही।इस बातचीत में उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत और युद्धविराम (सीजफायर) के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां और धमकी भरे बयान शांति प्रक्रिया पर भरोसे को कमजोर करते हैं।

### अराघची ने मिस्र और तुर्की से फोन पर चर्चा की



क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मिस्र और तुर्किये के अपने समकक्षों से बीत की। अराघची और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी ने युद्धविराम और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ उनकी बातचीत मुख्य रूप से ईरान और अमेरिका के बीच चल रही वार्ता प्रक्रिया पर केंद्रित रही।

### संघर्ष कम करने के प्रयासों पर जोर

*ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने ओमान दौरे के दौरान ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद से मस्कट में मुलाकात की। इस मुलाकात में क्षेत्रीय हालात और मध्यस्थता प्रयासों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने तनाव कम करने और संघर्ष खत्म करने के प्रयासों पर विचार किया।*

## द्विपक्षीय रिश्तों पर हुई गहन चर्चा

# अजित डोभाल की यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के उपायों, इलाके के हालात और आपसी लाभ के दूसरे मुद्दों पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यूएई में भारतीय दूतावास ने कहा कि एनएसए अजीत डोभाल ने यूएई का आधिकारिक दौरा किया।

## विश्व बौद्धिक संपदा दिवस

# राष्ट्र की वास्तविक ताकत ही मस्तिष्कों की 'सृजनशीलता'




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बौद्धिक संपदा वह अमूर्त धरोहर है, जो मानव की बुद्धि, कल्पना और सृजनात्मक श्रम से जन्म लेती है। यह किसी पुस्तक के शब्दों में अभिव्यक्त होती है, किसी धुन की लय में प्रवाहित होती है, किसी वैज्ञानिक सूत्र में सन्निहित रहती है, या किसी उत्पाद के अभिनव डिज़ाइन में आकार ग्रहण करती है। यही विचार, यही सृजनात्मकता और यही नवाचार मानव की वास्तविक पूंजी हैं, जिन्हें हम 'बौद्धिक संपदा' के नाम से जानते हैं। प्रत्येक वर्ष 26 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व बौद्धिक संपदा दिवस इसी सत्य का सशक्त उद्घोष है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके भौतिक संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके मस्तिष्कों की सृजनशीलता में निहित होती है। वर्ष 2000 में सदस्य देशों ने 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह वही ऐतिहासिक तिथि है, जब 1970 में वर्ल्ड एन्टलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन कन्वेंशन प्रभावी हुआ था।

### तोते खा गए किसान के अनार; अदालत ने सरकार को मुआवजा देने का निर्देश दिया

नागपुर(भाषा)। बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार को तोतों द्वारा क्षतिग्रस्त अनार के पेड़ों के लिए एक किसान को मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने फैसला सुनाया है कि ये पक्षी वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत /"वन्य प्राणी/" हैं और राज्य को संपत्ति के नुकसान के लिए नागरिकों की भरपाई करनी होगी। न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के और निवेदिता मेहता की नागपुर पीठ ने कहा कि यदि संरक्षित प्रजातियों के कारण हुए नुकसान के लिए किसानों को मुआवजा नहीं दिया जाता है, तो वे ऐसे उपायों का सहारा ले सकते हैं जो वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे अधिनियम का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाता है जिसमें स्पष्ट रूप से तोतों को शामिल किया गया है।

## विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई

# अग्रिम जमानत भले न दें, लेकिन सरेंडर का आदेश नहीं दे सकतीं कोर्ट



### सर्वोच्च अदालत ने क्षेत्राधिकार पर कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की।

### धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले की सुनवाई

*यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे।*

### झारखंड से जुड़ा है यह मामला

*यह पूरा मामला झारखंड हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश से उपजा था। हाई कोर्ट ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका खारिज करने के साथ ही हाई कोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया था कि वह निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करे और नियमित जमानत के लिए आवेदन करे। मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। इनमें धारा 323 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, 420-धोखाधड़ी, 468 यानी धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी और 471-जाली दस्तावेज का उपयोग शामिल हैं।*




Terms and Conditions applied. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th April 2026. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th April 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Haryana. ^For more information contact nearest cealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141; Malik Autos Honda - 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888813; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOSHAM:** MRM Honda - 9992888906; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831; **RATIA:** Avni Honda - 8168871488; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **ELLENABAD:** R S Honda - 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **ISRANA:** Kundu Honda - 9518095430; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda - 9896678058; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **TARAORI:** Navya Honda - 9896939869; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119; **NARWANA:** Shivam Honda - 9812318005; **SAFIDON:** BRS Honda - 8396989000; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441; Singla Honda - 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382;**PEHOWA:** Chirag Honda - 8330000050; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **MODEL TOWN (PANIPAT):** L.K. Honda - 8059900603; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8708287839; **RADAUR:** Ganpati Honda - 7056259000; **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 9915495288; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 9815555919; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 9855146632; Platinum Honda - 9855155999; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050060; **MOHALI**: Batra Honda - 9875910834; Platinum Honda - 7719619990; **MULLANPUR**: Platinum Honda - 9779996552; **BANUR:** Platinum Honda - 7374071740; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673; **AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9896028089; **NARAINGARH:** SD Honda - 9253388773; **BARARA:** Harmilap Honda - 9416494933; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28